संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

05 जुलाई 2026, रविवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 281

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## सरकार ने टेलीग्राम को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने एक बार फिर से टेलीग्राम को नोटिस भेजा है, जिसमें सरकार ने बड़े लेवल होने वाली पायरेसी को लेकर जवाब में मांगा है। इस प्लेटफॉर्म पर लंबे समय से फिल्म, वेब सीरीज की पायरेसी हो रही है। यह जानकारी एएनआई ने दी है। पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के प्रसार को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए।

## मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की मिली धमकी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, 'स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।' धमकी सामने आते ही जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी।



मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। मेलबर्न मीट्स मोदी कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होना है। मोदी को इसमें शामिल होना है।

जांच एजेंसियों ने प्रोग्राम की पोस्ट से जुड़े आईपी एड्रेस की पहचान कर ली है। हालांकि, अब तक पुलिस ने धमकी पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

साथ ही पुलिस ने किसी गिरफ्तारी की पुष्टि भी नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस, राज्य पुलिस और विशेष सुरक्षा इकाइयों समेत कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

मेलबर्न मीट्स मोदी कार्यक्रम में मार्वल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के भारतीय मूल के लोग पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। इसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीय समुदाय को पीएम मोदी से जोड़ना और भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत करना है।

यह केवल एक सामुदायिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की प्रवासी कूटनीति का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के लोगों की संख्या 10 लाख से ज्यादा है, जो वहां सबसे तेजी से बढ़ते प्रवासी समुदायों में शामिल हैं।

## गैंगस्टर प्रिंस खान ने दी सांसद ढुलू महतो को जान से मारने की धमकी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**धनबाद।** भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान ने सांसद ढुलू महतो से पैसे की मांग की है। पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। सांसद ढुलू महतो को वाट्स ऐप पर वीडियो ऑडियो क्लिप और मैसेज भी भेजा है। सांसद ढुलू महतो ने शनिवार को सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। सांसद में कई वीडियो - ऑडियो क्लिप तथा मैसेज भी मीडिया को उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जानकारी एसएसपी धनबाद प्रभात कुमार तथा पार्टी के वरीय नेताओं को भी दी गई है। सांसद ने धनबाद सहित राज्य की विधि - व्यवस्था पर भी सवाल खड़े लिए है। मालूम हो कि शुक्रवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने गैंगस्टर प्रिंस खान पर धमकी देने का आरोप लगाया था और मामले की शिकायत भी पुलिस से की थी। सनद रहे कि हाल के दिनों में सांसद ढुलू महतो और विधायक अरूप चटर्जी के बीच बयानबाजी चर्चा का विषय बनी हुई है। दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है। दोनों ने एक - दूसरे को कोयला चोरी के धंधे में लिप्त रहने का आरोप भी लगाया है। गुरुवार को विधायक अरूप ने तो सांसद ढुलू महतो और भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान के बीच गहरे और कारोबारी ताल्लुकात का आरोप लगा कर राजनीतिक तापमान को अचानक ही गरमा दिया था।

### विधायक अरूप चटर्जी ने प्रिंस खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई



**धनबाद।** निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने भगोड़े अपराधी प्रिंस खान के विरोध में निरसा थाने में शनिवार को लिखित शिकायत की। मालूम हो कि शुक्रवार को विधायक को प्रिंस खान ने जान से मारने की धमकी दी थी। विधायक ने इस मामले की जानकारी एसएसपी प्रभात कुमार सहित पुलिस के अन्य आला अधिकारियों को भी दी थी। धमकी मामले में शनिवार की सुबह निरसा विधायक अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ निरसा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई द्य थाना में उपस्थित निरसा एसडीपीओ तथा थाना प्रभारी के समक्ष उन्होंने अपना लिखित शिकायत का आवेदन दिया और जल्द से जल्द इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने को कहा। शिकायत दर्ज करने के बाद बाहर निकल कर पत्रकारों से बात करते हुए विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि हम लगातार इस बात को कह रहे हैं कि धनबाद सांसद ढुलू महतो की गैंगस्टर प्रिंस खान के साथ दोस्ती है, संबंध है। दोनों मिलकर धनबाद सहित पूरे कोयलांचल को लूटने का प्रयास विगत कई वर्षों से कर रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### आदित्य साहू ने नितिन नवीन से की मुलाकात



**नई दिल्ली ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस संबंध में श्री साहू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से आत्मीय भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान झारखंड से जुड़े सांगठनिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

### 1 अगस्त से देवघर-दिल्ली हवाई सेवा फिर शुरू

**देवघर ।** देवघरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। 1 अगस्त से देवघर और दिल्ली के बीच सीधी हवाई सेवा एक बार फिर शुरू होने जा रही है। नई समय-सारिणी के अनुसार यात्री सुबह देवघर से दिल्ली के लिए उड़ान भर सकेंगे और शाम तक वापस देवघर लौट सकेंगे।

## सीएम के आदेश के बाद राज अस्पताल पहुंची जांच टीम

### खंगाल रही दस्तावेज और मेडिकल रिकॉर्ड

संवाददाता

**रांची ।** रांची के राज अस्पताल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय युवक की मौत के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने सिविल सर्जन के माध्यम से जिला स्तरीय विशेष जांच टीम गठित की। शनिवार को परियोजना पदाधिकारी मनीषा तिर्की के नेतृत्व में जांच दल अस्पताल पहुंचा और मरीज के इलाज से जुड़े दस्तावेज, मेडिकल रिकॉर्ड और बिलिंग प्रक्रिया की जांच शुरू की। जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जाएगी।

बताया जाता है कि लातेहार निवासी 18 वर्षीय युवक राजू कुमार रंजन का सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था। करीब 40 दिन पहले उसे राज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसके पैर में इंफेक्शन हो गया और अंततः उसकी मौत हो गई। इस



दौरान अस्पताल प्रबंधन ने उसके परिजनों को 22 लाख रुपये का बिल थमा दिया। इसके बाद राजू कुमार रंजन के परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया।

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों और प्रबंधन की लापरवाही के कारण राजू की मौत हो गई। परिजनों के दवाब में राजू का पोस्टमार्टम रिम्स में कराया गया है। ताकि मौत के कारणों का पता चल सके और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

राज अस्पताल ने मरीज राजू कुमार रंजन के उपचार को लेकर जारी विवाद पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करते हुए चिकित्सीय लापरवाही के सभी आरोपों को निराधार बताया है।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज को 24 मई 2026 को एक गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद पॉलीट्रॉमा की स्थिति में भर्ती कराया गया था। उसके सिर, मस्तिष्क, गर्दन, रीढ़, फेफड़ों और पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें और फ्रैक्चर थे। अस्पताल के अनुसार, मरीज का इलाज आईसीयू में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों और अन्य चिकित्सकों की बहु-विषयक टीम की निगरानी में स्थापित चिकित्सा मानकों के अनुरूप किया गया।

## संजय सेठ पैदल यात्रा कर पहुंचे बर्फानी बाबा के दरबार



संवाददाता

**रांची ।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में सहभागिता करते हुए बालटाल बेस कैंप से लगभग 14.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा में पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा अमरनाथ से देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

यात्रा के दौरान सेठ ने श्रद्धालुओं के लिए की गई सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, भोजन, यातायात तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच भारतीय सेना, सशस्त्र बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, प्रशासन तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की।

## बोकारो में तीन युवकों की मौत पर उबाल

### बेरमो एसडीओ कार्यालय के घेराव का किया ऐलान

संवाददाता

**रांची/बोकारो ।** झारखंड के बोकारो जिले में तीन संथाल युवकों की मौत के बाद आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है। संथाल समुदाय ने घटना के विरोध में बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। समुदाय के नेताओं का कहना है कि मृतकों के परिजनों को न्याय दिलाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

संथाल समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि तीनों युवकों की मौत की परिस्थितियां बेहद संदिग्ध हैं और अब तक मामले में संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। समाज के नेताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संभावित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों की नजर अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। संथाल समाज का कहना है कि जब तक मृतकों के परिजनों को न्याय नहीं मिलता और दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस बीच प्रशासन और समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच संवाद की संभावना भी जताई जा रही है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सके।

## देवघर : मुखिया के तीन ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई, दिनभर चली छापेमारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** मोहनपुर प्रखंड की बलथर पंचायत के मुखिया के तीन अलग-अलग ठिकानों पर शनिवार को आयकर विभाग ने एक साथ छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। सुबह शुरू हुई इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में दिनभर हलचल का माहौल बना रहा। आयकर विभाग की टीम ने मोहनपुर स्थित मुखिया के आवास के अलावा बलथर और कुण्डा थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर स्थित उनके आवास पर भी एक साथ दबिश दी। तीनों स्थानों पर अधिकारियों ने कई घंटे तक गहन जांच-पड़ताल की। मिली जानकारी के अनुसार, इस संयुक्त कार्रवाई में पटना, धनबाद और देवघर से पहुंची आयकर विभाग की टीम शामिल थी। पूर्व निर्धारित योजना के तहत अधिकारियों ने एक ही समय पर तीनों परिसरों में प्रवेश कर जांच शुरू की। छापेमारी के दौरान टीम ने जरूरी दस्तावेजों, वित्तीय अभिलेखों, लेन-देन से जुड़े कागजात तथा अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने कई दस्तावेजों का मिलान भी किया और आवश्यक जानकारी जुटाई। जांच के दौरान टीम के सदस्य पूरे समय गोपनीयता बनाए रखते हुए अपनी कार्रवाई में जुटे रहे। कार्रवाई के दौरान संबंधित परिसरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई थी। किसी भी बाहरी व्यक्ति



के अनावश्यक प्रवेश पर नजर रखी जा रही थी, जबकि अधिकारियों की आवाजाही लगातार जारी रही। छापेमारी के कारण आसपास के लोगों में उत्सुकता बनी रही और दिनभर लोग कार्रवाई को लेकर चर्चा करते नजर आए। आयकर विभाग की इस कार्रवाई की खबर फैलते ही मोहनपुर, बलथर और आसपास के इलाकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। स्थानीय लोग पूरे दिन यह जानने को उत्सुक रहे कि आखिर विभाग ने किस आधार पर यह कार्रवाई की है और जांच के दौरान क्या-क्या तथ्य सामने आए हैं। हालांकि, विभागीय अधिकारी पूरे समय मीडिया और आम लोगों के सवालों पर चुप्पी साधे रहे।

## झारखंड में तीन दिन भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में 05 से 07 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 08 जुलाई तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) की आशंका व्यक्त की है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार, 05 जुलाई को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं 06 जुलाई को सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा और पलामू जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसी प्रकार 07 जुलाई को दक्षिण-पश्चिमी एवं इससे सटे मध्यवर्ती जिलों पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा तथा रांची जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में जलभराव, तेज बहाव और आकाशीय बिजली की घटनाओं को देखते हुए लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

विभाग की ओर से बताया गया कि राज्यभर में 08 जुलाई तक रुक-रुक कर वर्षा होने और कई स्थानों पर वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

## हेमन्त सोरेन राष्ट्रीय मंच पर रखेंगे राज्य का डिजिटल रोडमैप

### एआई आधारित सुशासन और डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में झारखण्ड का बड़ा कदम

संवाददाता

**रांची ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल गवर्नेंस और आईटी निवेश के क्षेत्र में झारखण्ड राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नई पहचान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। 8 और 9 जुलाई, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन राज्य का डिजिटल रोडमैप प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान झारखण्ड की आईटी, आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़ी भावी विकास रणनीति देश-विदेश के उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं के समक्ष रखी जाएगी।

राष्ट्रीय स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन का उद्देश्य झारखण्ड को भारत के एआई परिदृश्य में एक ऐसे राज्य के रूप में स्थापित करना है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को केवल तकनीकी नवाचार के रूप में नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता एवं नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के पहले दिन देश-विदेश की लगभग 100 अग्रणी टेक एवं आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी दो अलग-अलग सत्रों में भाग लेंगे। नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के जरिए झारखण्ड सरकार का उद्देश्य राज्य को डिजिटल नवाचार, आईटी निवेश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुशासन तथा भविष्य की प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना है।

राष्ट्रीय स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के दौरान पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर रांची आईटी पार्क को निवेश प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग 100.97 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाला यह आईटी पार्क राजधानी रांची के कोर कैपिटल एरिया में स्थित है।

## आदिवासी समाज का संघर्ष क्या रंग लायेगा

### संदर्भ - सरना धर्म कोड

चंदन मिश्र

आदिवासी मुख्य रूप से प्रकृति पूजक होते हैं और जनगणना में अपनी अलग धार्मिक पहचान (सरना कोड) की मांग कर रहे हैं। 1951 तक की जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग कोड था, लेकिन 1961 में इसे हटा दिया गया। उनका तर्क है कि अलग कोड न होने से वे मुख्य धर्मों (जैसे हिंदू) में गिने जाते हैं, जिससे उनकी मूल पहचान छिन रही है।

सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासियों के आंदोलन के मुख्य कारण इस तरह से समझा जा सकता है।

अलग धार्मिक पहचान– आदिवासी समुदाय प्रकृति के पूजक होते हैं (जल, जंगल, जमीन, पहाड़, सूर्य आदि)। उनकी मांग है कि जनगणना में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई की तरह सरना धर्म का भी एक अलग कॉलम या कोड होना चाहिए।

इतिहास और संवैधानिक अधिकार– 1871 से लेकर 1951 तक की जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग कोड या कॉलम मौजूद था। आदिवासियों का तर्क है कि 1961 की जनगणना से साजिश के तहत इसे हटा दिया गया। अब वे अपना वही पुराना अधिकार वापस मांग रहे हैं।

अस्मिता और संस्कृति की रक्षा– आदिवासी संगठनों का मानना है कि अलग धर्म कोड न होने के कारण उनकी पहचान और मूल संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त हो रही है। इससे उनके अधिकारों और संवैधानिक संरक्षण (संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूची) पर भी असर पड़ता है।

झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा की विधानसभाओं से सरना कोड पारित कर केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। इसे लागू करने के लिए झारखंड के राजभवन के बाहर और दिल्ली के जंतर-मंतर पर विभिन्न आदिवासी संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा समय-

### राज्य और राजनीति

समय पर बड़े विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित किए जाते रहे हैं।

पिछले महीने एक बार फिर देश भर के जनजातीय समाज के प्रतिनिधि दिल्ली में जुटे। पहले जंतर-मंतर पर धरना दिया। फिर बैठक कर कई निर्णय लिये।

दरबार ने गत 25 जून गुरुवार को नई दिल्ली के ÷जंतर मंतर ÷में चिंतन मंथन कार्यक्रम हुआ। महाराष्ट्र के विश्वनाथ वाकडे की अध्यक्षता में देश के 15 करोड़ देशज आदिवासियों के धर्म कोड के अलावा विभिन्न संवैधानिक अधिकारों को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी जानेवाली 21 सूत्री मांगों पर आदिवासी समुदायों के नेतृत्वकर्ताओं ने जनसभा को संबोधित किया। सभा में देश के संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद- 25 के प्रावधानों के मातहत जनगणना 2026-2027 में आदिवासियों के लिए अलग से धर्म कोड की मान्यता दिये जाने की मांग रखी गई। दिल्ली के जंतर मंतर में विरोध प्रदर्शन के दौरान देश के 14 राज्यों के झारखंड, बिहार, असम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र,राजस्थान,दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं लद्दाख केंद्रीय केंद्र शासित राज्य से आदिवासी प्रतिनिधि सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। गत 25 जून को दिल्ली के न्यू झारखंड भवन में संस्था दरबार के संस्थापक सह महासचिव पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा की अध्यक्षता में 14 राज्यों के आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई,जिसमें कई प्रस्ताव पारित किये गये।

पहले प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के लिए आदिवासी घोषणा पत्र की तर्ज पर भारत के आदिवासियों के संदर्भ में ÷आदिवासी घोषणा पत्र ÷2026 तैयार किया जाएगा। इसके लिए प्रस्तावित प्रारूप कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी को आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस÷ पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में प्रस्तुत करेगी। संस्था दरबार आदिवासियों के लिए धर्म कोड नहीं तो वोट नहीं का प्रस्ताव पारित करेगा। देश में देशराज आदिवासियों की जनसंख्या लगभग 15 करोड़ से ज्यादा है। लिहाजा संविधान के अनुच्छेद-25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के लिए आदिवासी धर्म कोड अभियान चलाया जायेगा।

झारखंड सहित देश का जनजातीय समाज सरना धर्म कोड को लेकर लगातार संघर्षरत है। केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना है। नई जनगणना प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अब देखना है कि जनजातीय समाज के इस संघर्ष का प्रतिफल कब तक उन्हें मिलेगा। लेकिन जनजातीय समाज की इस मांग पर केंद्र विचार करेगा तो देश के अन्य समाज भी अपनी मांग को लेकर खड़े हो जायेंगे। तब केंद्र सरकार के सामने यह एक जटिल समस्या खड़ी हो जायेगी कि किस समाज की मांगों को माने, किसका न मानें। जब तक इस विषय पर केंद्र विचार नहीं करता है, तब तक कोई अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंचा जा सकता है।

INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDY
Affiliated to MAKAUT, WB
Approved by AICTE for BBA & BCA
IMS BUSINESS SCHOOL
Affiliated to MAKAUT, WB
Approved by All India Council for Technical Education
ESTD: 2006 ESTD: 2012
Admission Notice 2026

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| UG PROGRAMME | BCA [AICTE Approved] | BBA [AICTE Approved] | BBA (Hospital Mgmt.) | BBA (Business Analytics) |
| | BBA (Accountancy) | BBA (Aviation) | BBA (Travel & Tourism) | BBA (Digital Marketing) |
| | B.Sc (Animation & Flim) | B.Sc (VFX & Flim) | B.Sc (Medical Lab Tech.) | B.Sc (Media Sc.) |
| | B.Sc (Environment Sc.) | B.Sc (Critical Care) | B.Sc (Psychology) | B.Sc (Radiology) |
| | B.Sc (Dietetics & Nutrition) | B.Sc (Hotel & Hospitality Mgmt.) | B.OPTM | |
| PG PROGRAMME | MHA | MPH | MTTM | M.OPTM |
| | M.Sc (Media) | M.Sc (Medical Lab Tech.) | M.Sc (Computer Sc.) | M.Sc (Dietetics & Nutrition) |
| M.Sc (Hospitality Mgmt.) | M.Sc (Data Analytics) | M.Sc (Clinical Psycho.) | M.Sc (Radiology) | M.Sc (Environment Sc.) |
| IMSBS [AICTE APPROVED] | MBA [Full Time Programme] (Classes Offered in Regular/Blended/Executive Modes) | MCA | MBA (Hospital Admin.) | |
| Research | FPM [AICTE Approved] | P.hD [UGC Approved] | | |

Training and Placement Partners
Merit cum Means Scholarship Assistance
For Enquiry contact :
TOLL FREE : 6292234494
Student Credit Card Assistance
93, Mukundapur Main Road, Kolkata - 700 099
Website : www.ims-cal.org | E-mail : imsbschool@gmail.com
7003196293 | 9330070825 | 8404080042 | 9903079902
7044034301 | 6290583137 | 9874766898 | 8336004945

# कोयला चोरी और अवैध खनन पर रोक के लिए केंद्र देगा हरसंभव सहयोग : गृह राज्यमंत्री

**कोयला चोरी रोकने के लिए नित्यानंद राय से मिले बीसीसीएल सीएमडी**



संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** धनबाद में कोयला चोरी और अवैध खनन का मामला अब सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंच गया है। बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कोयला चोरी रोकने के लिए दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की। इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बैठक में कोयला चोरी, अवैध खनन और खनन क्षेत्रों की सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह राज्य मंत्री ने इन चुनौतियों के प्रभावी समाधान के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि अवैध खनन, कोयला चोरी तथा अन्य सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के प्रभावी समाधान के लिए भारत सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि कोकिंग कोयला देश के लिए महत्वपूर्ण खनिज है और इसके सुरक्षित एवं सतत उत्पादन के लिए अनुकूल एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंन भेंट की थी। सीएमडी ने बीसीसीएल की खनन गतिविधियों की सुरक्षा, कोकिंग कोयले के सुरक्षित एवं निर्बाध उत्पादन तथा इसके लिए आवश्यक सुरक्षा संबंधी उपायों पर विस्तृत चर्चा की।गृह राज्य मंत्री ने कहा कि भारत की आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता कम करने में बीसीसीएल की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग के लिए आवश्यक कोकिंग कोयले का घरेलू उत्पादन बढ़ाकर बीसीसीएल 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने दोहराया कि कोकिंग कोयले का सुरक्षित एवं निर्बाध उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाना जरूरी है।

## हिमांशु हत्याकांड में पुलिस की भूमिका की सीबीआई जांच हो : आदित्य साहू



संताल एक्सप्रेस

**जमशेदपुर।** करणी सेना के युवा नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने झारखंड सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। शनिवार को आदित्यपुर पहुंचकर उन्होंने मृतक के पिता अरविंद सिंह और परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमांशु सिंह की हत्या राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है और इस मामले में पुलिस की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि घटना के समय पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन अपराधियों को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।उन्होंने कहा कि हमलावर पुलिस वाहन तक पहुंच गए और घायल युवकों पर हमला जारी रखा, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उनका कहना था कि यदि पुलिस समय पर हस्तक्षेप करती या आवश्यक बल प्रयोग करती तो घटना की गंभीरता कम हो सकती थी। उन्होंने मांग की कि ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों की भूमिका की जांच कर दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन घटना के मूल मुद्दे से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कानूनी टीम ने संबंधित बार के दस्तावेजों की जांच की है और उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार उसके लाइसेंस संबंधी कागजात अवैध हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि बार अवैध रूप से संचालित हो रहा था तो प्रशासन ने पहले कार्रवाई क्यों नहीं की।

## अवैध कोयला खदान की चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत

**हजारीबाग।** बड़कागांव प्रखंड लुरुंगा में संचालित अवैध कोयला खदान में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत होने की सूचना है। मृतकों की पहचान शिबू बेदिया एवं सुखदेव गंझू के रूप में बताई जा रही है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद मामले को दबाने तथा शवों को गुपचुप तरीके से ठिकाने लगाने की कोशिश किए जाने की चर्चा क्षेत्र में तेज है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि या बयान सामने नहीं आया है।इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी से पूछे जाने पर बताया कि लूरंगा हमारे थाना क्षेत्र में नहीं आता है, बल्कि उरीमारी क्षेत्र में आता है।वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी मोबाइल से संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।क्षेत्र में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने अवैध कोयला खनन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।ज्ञात हो कि बड़कागांव क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले राउतपारा में चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हुई थी, जबकि चानो में अलग-अलग घटनाओं में तीन मजदूरों की जान गई थी।लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं के बावजूद यदि अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगाई जाती है।

## पलामू में 21 किलो गांजा के साथ दुकानदार सहित दो गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**पलामू ।** नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री रोकने को लेकर पलामू पुलिस की ओर से ऑपरेशन 'प्रहार' की शुरूआत की गयी है। इस महीने जुलाई में 100 नशीले कारोबारियों को पकड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत छोटे से लेकर बड़े स्तर के नशा सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गयी है। इसी क्रम में पाटन और मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में की गयी कार्रवाई के क्रम में 21 किलो 91 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस काले कारोबार में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।इनके पास से 10 हजार 500 रूपए नगद भी बरामद किए गए हैं। पाटन थाना क्षेत्र के आरेदाना के बरवाडीह में अशोक राम के घर में छापामारी कर सुखाकर तैयार किया गया 21 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसका बाजार मूल्य करीब डेढ लाख रूपए है। इस सिलसिले में अशोक राम को गिरफ्तार किया गया। गांजा प्लास्टिक के पांच बोरों में भरकर रखा हुआ था। अशोक ने गांजा की खेती की थी और तैयार हो जाने पर उसे सुखाकर बेचने के लिए रखा हुआ था। मौके से 10 हजार 560 रूपए भी बरामद किए गए।इधर, शहर थाना क्षेत्र के कुंड मुहल्ला में महाकालेश्वर मंदिर के पास किराना दुकान में छापेमारी कर 91 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा को चार बंडल में भरकर बेचने के लिए रखा गया था। किराना दुकान की आड़ में गांजा की बिक्री की जाती थी। मौके से किरान दुकानदार नेसार अंसारी को गिरफ्तार किया गया।

## पलामू में विवाद ने ली मासूम की जान, पिता और पुत्र गिरफ्तार

**पलामू ।** जिले हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिन्दुबिगहा गांव में पुलिया पर बैठने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। धारदार हथियार से हुए हमले में चार माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित सहित उसके पिता को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।पुलिस की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 02 जुलाई की शाम में गांव निवासी चितरंजन कुमार पासवान उर्फ शिवम और फगुनी पासवान के पुत्र अतुल पासवान और आनंद पासवान के बीच घर के पास पुलिया पर बैठने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि विवाद के बाद चितरंजन घर गया और धमकी देते हुए धारदार बलुआ-फरसा लेकर वापस आया। इसके बाद उसने दीपक पासवान, उनकी पत्नी रूपा देवी और उनके चार माह के बच्चे प्रिंस कुमार पर हमला कर दिया।हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार माह के बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक का पार्थिव शरीर पहुंचा पार्टी मुख्यालय, दी गई श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक हरिराम बाबू के पार्थिव शरीर को शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची लाया गया, जहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का ध्वज अर्पित कर उन्हें अंतिम सम्मान दिया। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हरिराम बाबू ने अपना पूरा जीवन कांग्रेस की विचारधारा, संगठन और जनसेवा के लिए समर्पित किया। वे एक सादगीपूर्ण, कर्मठ और जनप्रिय नेता थे। उनका निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हरिराम बाबू का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा और जनहित के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की आवाज़ बुलंद की। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा के बाद दिवंगत हरिराम बाबू के पार्थिव शरीर को हरमू मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां पूरे सामाजिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मंजूर अहमद अंसारी, रोशन लाल भाटिया,सुनील सिंह, सहित अन्य शामिल थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भरा इन्यूमरेशन फॉर्म



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को अपना इन्यूमरेशन फॉर्म स्वयं भरकर उस पर हस्ताक्षर किए और 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-374 की बीएलओ अन्नु कच्छप को सौंप दिया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की कि जब बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उनके घर पहुंचें, तो वे बिना विलंब किए अपना और अपने परिवार के सदस्यों का इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर अथवा भरवाकर उस पर हस्ताक्षर कर बीएलओ को तत्काल जमा करें।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बीएलओ को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर यह कार्य पूरा करना है। ऐसे में नागरिकों का सहयोग इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे बीएलओ के आने का इंतजार करने के बजाय आवश्यकता पड़ने पर स्वयं भी उनसे संपर्क कर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों और पदाधिकारियों से भी विशेष आग्रह किया कि वे अपनी सुविधा के अनुसार जल्द से जल्द अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का इन्यूमरेशन फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।

## शादी समारोह से लौट रही नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी गिरफ्तार



**मसलिया।** थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक शादी समारोह से घर लौट रही नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल सभी पांच आरोपियों को दबोच लिया है।यह खौफनाक वारदात उस वक्त हुई जब पीड़िता एक विवाह समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रही थी। रास्ते में एक सुनसान जगह का फायदा उठाकर आरोपियों ने उसे जबरन रोक लिया। जब नाबालिग ने अपनी आबरू बचाने के लिए उनका कड़ा विरोध किया, तो हैवानियत पर उतारू आरोपियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना की लिखित शिकायत मिलते ही मसलिया थाना पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर शिवाकोल और धुनावसा गांव से सभी पांचों नामजद आरोपियों को उनके घरों से धर-दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी आरोपियों को संबंधित न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायाधीश के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पशुतस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ 42 मवेशी बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**पलामू।** जिले के नावाबाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार तड़के एनएच 98 पर छापेमारी कर अवैध रूप से ले जाये जा रहे 42 मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है।इस मामले में मौके से तीन अंतरराज्यीय पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, अंधेरे का लाभ उठाकर एक आरोपी भागने में सफल रहा।पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक विशाल कंटेनर और तस्करों के पास से तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।आरोपियों की पहचान इमरान, मंसब अंसारी और सफीक अंसारीके रूप में की गयी है।नवाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव को गुप्त सूचना मिली थी कि गढ़वा के रास्ते पड़वा मोड़ होते हुए छतरपुर की तरफ एक बड़े कंटेनर में मवेशियों को लादकर बिहार ले जाया जा रहा है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाई और पुलिस बल के साथ नवाबाजार थाने के ठीक सामने चेक पोस्ट लगाकर तड़के ही नाकेबंदी कर दी।तड़के करीब 03~10 बजे एक संदिग्ध कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया।पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो वाहन रुकते ही उसमें सवार दो लोगों ने कूदकर भागने का प्रयास किया।हालांकि, मुस्तैद पुलिस जवानों ने खदेड़कर उनमें से एक को दबोच लिया।

## वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस रांची /हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 04.07.2026 को पाटलिपुत्र रेल परिसर के आरेख उद्यान में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा पौधारोपण कराया गया । इस अवसर पर प्रत्येक बच्चों को उपहार स्वरूप पॉटेड प्लांट दिया गया । इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना कुमार, सचिव मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह तथा कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं तथा महिला कल्याण संगठन, दानापुर की कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं उपस्थित थीं ।

## एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा का घेराव और प्रदर्शन सात को

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा ने मूल रैयतों की भूमि से जुड़े मुद्दों को लेकर सात जुलाई 2026 को जिला भू-अर्जन कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय घेराव-प्रदर्शन की घोषणा की है। इसकी जानकारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत उरांव ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।अजीत उरांव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मोर्चा का आरोप है कि मूल रैयतों की कुछ जमीन का विधिवत अधिग्रहण किए बिना सेना की ओर से कब्जा कर लिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण लंबे समय से संबंधित दस्तावेजों और जानकारी की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक स्पष्ट जवाब नहीं मिलने से उनमें आक्रोश है। इसी के विरोध में घेराव-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ हर योग्य व्यक्ति तक पहुंचाएं : के राजू



**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने शनिवार को पलामू जिला के अपने संगठनात्मक दौरे के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत पकड़िया और तरहसी प्रखंड के तरिया गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक विस्तृत और सार्थक चर्चा की।बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सुरेश बैठा और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी सहित कई दिग्गज नेता मौजूद थे।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के राजू ने कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के एक भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से छूटना नहीं चाहिए। बीएलए हर घर तक पहुंचें और ग्रामीणों को फॉर्म भरने में उनका पूरा सहयोग करें, ताकि सभी के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हो सके।जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा चर्चा के दौरान के राजू ने ग्रामीणों से बातचीत कर सरकार की ओकर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी और विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी ली।मौके पर पलामू लोकसभा प्रभारी सह कांके विधायक सुरेश बैठा, पलामू जिला प्रभारी विनय सिन्हा दीपू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पलामू जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी सहित संबंधित प्रखंडों के अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुमला से एक मीट्रिक टन आम्रपाली आम का दुबई निर्यात




**गुमला।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी , पलाश, जिला प्रशासन और एपीडा के संयुक्त प्रयास से शनिवार को गुमला से एक मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता वाले आम्रपाली आम का दुबई के लिए निर्यात किया गया।उपायुक्त दिलेश्वर महतो, उपविकास आयुक्त अनिमेष रंजन और भूमि सुधार उपसमाहर्ता राजीव ने हरी झंडी दिखाकर आम की खेप रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि स्थानीय कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## बहुराष्ट्रीय कंपनी एक्सेंचर में सीआईटी के 27 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** टाटीसिलवे स्थित कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) के 27 विद्यार्थियों का चयन देश की जानी-मानी बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी एक्सेंचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। चयनित विद्यार्थी कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के 2022-26 और 2023-27 सत्र के हैं। कंपनी द्वारा इन सभी को एप्लिकेशन डेवलपर और एसोसिएट इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया गया है।सीएसई विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन हैदराबाद होगा और पदानुसार उनका सालाना पैकेज 3.5 लाख से 5 लाख रुपये तक होगा। इस अवसर पर एक्सेंचर की ओर से एचआर प्रमुख गत्ती संथी कुमारी व वासानवी शिवा उपस्थित थीं। वहीं संस्थान की ओर से प्राचार्य डॉ. एल. रंगनाथन, उप-प्राचार्या प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डॉ. नवीन सिन्हा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदीप करमाली, प्रो. अरशद उस्मानी और कौशिक चटर्जी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कटक को मिली अत्याधुनिक सीटी स्कैन सुविधा



**संताल एक्सप्रेस रांची /कटक ।** स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने शुक्रवार ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री यूनिवर्सिटी के सहयोग से अपनी ष्टस्क्र परियोजना स्वास्थ्य किरण के अंतर्गत श्री श्री कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस एंड रिसर्च हॉस्पिटल में 2.31 करोड़ की लागत से स्थापित अत्याधुनिक ष्टञ्ज स्कैन सुविधा का लोकार्पण किया। ॥ऋके प्रबंध निदेशक डॉ. शिवप्रसाद मोहंती इसका उद्घाटन किया। समारोह में श्री श्री यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष श्री आदेश गोयल, कुलपति प्रो. (डॉ.) तेज परताप, कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य जी, उपाध्यक्ष तथा द आर्ट ऑफ लिविंग, श्री श्री यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सा जगत के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नई ष्टञ्ज स्कैन सुविधा से प्रतिवर्ष हजारों मरीजों को सटीक, समयबद्ध और किफायती निदान सेवाओं का लाभ मिलेगा, जिससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और नैदानिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर डॉ. शिवप्रसाद मोहंती ने कहा कि स्वास्थ्य किरण परियोजना के माध्यम से आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और स्वस्थ समुदायों के निर्माण का लक्ष्य साकार किया जा रहा है।

## 16 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में ठेकेदार को तीन साल की सजा

**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित 16 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार सिंह को दोषी ठहराया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश कुलदीप की अदालत ने उन्हें तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।अदालत ने मामले में ट्रायल का सामना कर रहे तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। इस मामले में क्लासिक कोल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पवन कुमार सिंह, जमशेदपुर के तत्कालीन सहायक अभियंता (असिस्टेंट इंजीनियर) अनिल कुमार वर्मा, जूनियर इंजीनियर सुरेश शर्मा और कंपनी के निदेशक दिलीप कुमार सिंह आरोपी थे।

## प्रिंस खान के घर को पुलिस ने तोड़ा



**संताल एक्सप्रेस धनबाद।** भगोड़े अपराधी प्रिंस खान के घर की शनिवार को डोजरिंग की गई। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस की भरी सुरक्षा के बीच डोजरिंग की कार्रवाई की गई। हालांकि घर में कोई नहीं रहता है। यह वर्षों से वीरान पड़ा है। ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि घर की कुर्की का वारंट निकला हुआ था। कुछ दिन पहले से ही आज ( 4 जुलाई) को कुर्की तय थी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार घर को कुर्क किया गया है। घर जर्जर अवस्था में है। इस कारण खतरनाक हो गया है। बच्चे आस - खेलते हैं। कुछ बच्चे को चोट भी लगी है। ऐसे में खतरनाक निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिलवक्त घर को पूरी तरह से जमींदोज नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शायद घर बगैर नक्शा के बना है। ऐसे में अगर कोई कार्रवाई का आदेश आया तो उसपर भी अमल किया जाएगा।इधर डोजरिंग की कार्रवाई शुरू होते ही यह चर्चा होने लगी कि विधायक अरूप चटर्जी और ढुलू महतो को प्रिंस खान की ओर से धमकी देने की शिकायत मिलने के बाद धनबाद पुलिस रेस हो गई है। डोजरिंग की कार्रवाई को इससे भी जोड़ कर देखा जा रहा है।

## निगम बोर्ड की बैठक में कुत्ता पकड़ने की योजना पर हंगामा

**पलामू ।** मेदिनीनगर नगर निगम बोर्ड की बैठक शनिवार को हंगामेदार रही। बैठक में कुत्ता पकड़ने की योजना पर पार्षदों ने हंगामा किया। विरोध करते हुए पार्षद मिटिंग हॉल से बाहर निकल गए। पार्षदों का आरोप था कि कुत्ता पकड़ने की योजना पर कोई काम नहीं हुआ, लेकिन संबंधित एजेंसी को लगातार भुगतान किया गया। बोर्ड बैठक में जब इसका लेखा जोखा मांगा गया तो टाल मटोल किया गया। इसी तरह निगम जमादार विष्णु राम के कथित अवैध वसूली मामले में भी कार्रवाई की मांग की गयी। हालांकि इस मामले में जांच के लिए कमिटी बनाने की बात कही गयी।हंगामे के पूर्व मेयर, डिप्टी मेयर और अधिकतर पार्षदों की योजनाओं पर मुहर लगा दी गयी थी। वार्ड नंबर 10 के पार्षद धीरेन्द्र पांडेय की योजनाओं पर चर्चा हो रही थी। इसी क्रम में कुत्ता पकड़ने वाली योजना की चर्चा शुरू हुई और देखते देखते धीरेन्द्र पांडे के साथ साथ अन्य पार्षद भी योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

## बालू की कमी बोलकर विकास कार्य प्रभावित नहीं कर सकती सरकार : आशा

**गुमला।** राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं की समीक्षा की।इस अवसर पर आशा लकड़ा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बालू की कमी या अन्य तकनीकी कारणों का हवाला देकर विकास कार्यों में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं की बाधाओं का तत्काल समाधान कर समयबद्ध तरीके से आम लोगों तक लाभ पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए डॉक्टर, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत कई गांवों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और जलापूर्ति बाधित रहने की शिकायत की। इस पर आयोग की सदस्य ने योजना की विस्तृत समीक्षा कर खराब पड़ी योजनाओं को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा, जर्जर सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के मुद्दे भी उठे। आशा लकड़ा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों पर संबंधित विभागों से त्वरित कार्रवाई कराई जाएगी।बैठक में सुदूर गांवों से पहुंचे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क एवं विकास योजनाओं से जुड़ी समस्याएं उठाईं। दौरे के दौरान बीडीओ यादव बैठा और जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने उनका स्वागत किया।

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनी , दी गई श्रद्धांजलि



**रांची।**डोरंडा स्थित स्वामी विवेकानन्द चौक पर शनिवार को विवेकानन्द महोत्सव समिति की ओर से स्वामी विवेकानन्द की 124 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम का आयोजन समिति की ओर से किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विवेकानन्द महोत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा एवं महोत्सव संयोजक नितीश मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों की महत्वपूर्ण भूमिका है।युवाओं से उनके विचारों और जीवन मूल्यों को अपनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी नई पीढ़ी उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएगी। कार्यक्रम में भाजपा डोरंडा मंडल के अध्यक्ष सह विवेकानन्द महोत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, महोत्सव संयोजक नितीश मिश्रा, महामंत्री नितीश सिंह, भाजपा नेत्री राफिया नाज, धर्मेंद्र राय, रवि मिश्रा, सोहन यादव, किशन कुमार, देव नारायण राम सहित भाजपा डोरंडा मंडल के सदस्य और समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची डीपीएस में सम्मान समारोह



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची ने सीबीएसई सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन , कक्षा बारहवीं - 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अपने विद्यार्थियों की असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान करने हेतु विवेकानंद सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के उन विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सफलता का उत्सव मनाया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए।इस प्रतिष्ठित समारोह की शोभा अंजनेयुलु डोड्डे , स्पेशल सेक्रेटरी, डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू, रजिस्ट्रेशन एंड लैंड रिफॉर्म्स झारखंड सरकार तथा सुनील भास्कर (आईपीएस), आई.जी, जैप, झारखंड ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में बढ़ाई।

## जी डी गोयनका स्कूल में पुरस्कार और अलंकरण समारोह



**संताल एक्सप्रेस रांची।** जी डी गोयनका स्कूल, रांची में शनिवार को पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल रक्तिम दास, विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह, वाइस चेयरमैन अमन सिंह, प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार तथा हेड मिस्ट्रेस रुमासेन गुप्ता ने समारोह का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करना था। इसी क्रम में विद्यालय के विभिन्न हाउसों एवं स्टूडेंट्स काउंसिल के लिए छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए।

## एसआईआर: निर्वाचन पदाधिकारियों का निरीक्षण



**गोड्डा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत गोड्डा जिले में मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए जिला प्रशासन युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। अभियान की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों और प्रखंडों में निर्वाचन पदाधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वॉलिंटियर्स के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण, दस्तावेजों के सत्यापन तथा डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया जा रहा है।पदाधिकारियों ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र समय पर पहुंचे और भरे हुए प्रपत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त किए जाएं। जिन परिवारों तक अभी संपर्क नहीं हो सका है, वहां विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को प्रपत्र सही ढंग से भरने तथा आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन प्रतिदिन अभियान की समीक्षा कर कम प्रगति वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त मानवबल एवं संसाधन उपलब्ध करा रहा है, ताकि अभियान समयबद्ध ढंग से पूरा हो सके। प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र को सही जानकारी के साथ भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर जमा करें, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

# एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है : उप निर्वाचन पदाधिकारी

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** एसआईआर-2026 अभियान के तहत मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से शनिवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार लायक ने गोड्डा प्रखंड के कम प्रगति वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रवार एन्यूमरेशन प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण की समीक्षा करते हुए बीएलओ, सुपरवाइजर एवं निर्वाचन कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ सही एवं पूर्ण रूप से भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है, इसलिए सभी पात्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि प्रत्येक घर तक पहुंचकर सभी पात्र मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा प्राप्त प्रपत्रों का समयबद्ध सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन किया जाए।

साथ ही अभियान की दैनिक प्रगति की लगातार निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के नागरिकों से निर्वाचन आयोग के इस अभियान में सहयोग करते हुए समय पर गणना प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ एवं अन्य निर्वाचन कर्मी उपस्थित रहे।

# होल्डिंग टैक्स में हेराफेरी पर नगर निकाय का शिकंजा



**जामताड़ा।** जामताड़ा और मिहिजाम नगर निकाय क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स की अनियमितताओं पर अब प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। नगर विकास विभाग के निर्देश पर चल रहे री-असेसमेंट अभियान में जामताड़ा नगर पंचायत द्वारा अब तक 75 संपत्तियों की रैंडम जांच की गई, जिनमें 50 से अधिक भवनों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में टैक्स निर्धारण से जुड़ी गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच में करीब 74,413 रुपये के राजस्व नुकसान का अनुमान लगाया गया है।जांच में पाया गया कि कई भवन मालिकों ने अतिरिक्त मंजिल, बढ़े हुए क्षेत्रफल और आवासीय भवन के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी छिपाकर वर्षों से कम होल्डिंग टैक्स जमा किया। अब नगर पंचायत की टीम घर-घर जाकर भवनों का भौतिक सत्यापन कर रिकॉर्ड का मिलान कर रही है। गड़बड़ी मिलने पर आवासीय भवनों पर 2,000 रुपये और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही वास्तविक निर्माण तिथि से बकाया टैक्स पेनाल्टी सहित वसूला जाएगा।इधर, मिहिजाम नगर परिषद में पहले चरण के सर्वे में 25 संपत्तियों की जांच की गई, जिनमें केवल दो से तीन मामलों में ही गड़बड़ी मिली। वर्तमान में दूसरे चरण का सर्वे जारी है। अधिकारियों ने संपत्ति मालिकों से स्वेच्छा से सही विवरण उपलब्ध कराने की अपील की है, ताकि दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके और कर व्यवस्था अधिक पारदर्शी बन सके।

## जान मारने की नियत से जख्मी करने के आरोपित को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**गोड्डा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार के न्यायालय ने जमीन विवाद को लेकर जान मारने की नियत से हरवे हथियार से मारकर जख्मी करने के सात आरोपितों को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विशनपुर निवासी धीरेन मंडल , दुखहरण मंडल, रतन मंडल , नीलकांत मंडल, गौतम कुमार मंडल, राकेश कुमार मंडल एवं मुकेश मंडल को धारा 307 भादवि के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। धारा 325 भादवि के तहत 07 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। धारा 147 भादवि के तहत 02 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर सात दिन अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। धारा 148 भादवि के तहत 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर सात दिन अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। धारा 323 भादवि के तहत 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर सात दिन अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया।सभी सजा साथ- साथ चलेगी।विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष दस गवाहों का परीक्षण कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार 05 अगस्त 2026 की घटना को लेकर मुफसिल थाना में दर्ज प्राथमिकी में थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी अरुण मंडल ने कहा था कि 05 अगस्त 16 की सुबह आठ बजे उसके परिवार के सदस्य कल्याणिकता मौजा स्थित तीन बीघा पांच कट्ठा जमीन में मेड़ दे रहे थे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गोड्डा।** नगर थाना क्षेत्र के पुनसिया गांव के समीप गोड्डा-हंसडीहा फोरलेन सड़क पर शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और उसके हिस्से करीब 200 फीट दूर तक जा गिरे। मृतक की पहचान पुनसिया गांव निवासी राजन कुमार के रूप में हुई है। हरिमोहन मंडल गांव के प्रधान हैं। जानकारी के अनुसार, गोड्डा की ओर से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो ने राजन कुमार की पल्सर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि राजन कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि राजन कुमार राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे निर्माणाधीन अपने नए घर की ओर बाइक से जा रहे थे। उनकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व कुरमन गांव में हुई थी। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर गोड्डा-हंसडीहा फोरलेन सड़क जाम कर दी, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी दिनेश महली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## छात्र-छात्राओं के बीच कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस राजमहल।** राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के वंदना सभा में शनिवार को कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में कि गई. इस दौरान भैया बहनों की मनमोहक कलाकारियां देखी गई. इस अवसर पर कक्षा द्वितीय से लेकर कक्षा दशम तक के भैया बहन शामिल थें.इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी भैया बहन तथा सभी दीदीजी आचार्य उपस्थित थें.

## साहिबगंज नगर परिषद शिविर 7 जुलाई को लगाएंगी

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** साहिबगंज नगर के पोखरिया मुहल्ला स्थित टाउन हॉल में नगर परिषद साहिबगंज के द्वारा 07 जुलाई को सुबह 11 बजे से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है.नगर परिषद से मिली जानकारी के अनुसार उक्त शिविर में जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण एवं जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों के त्वरित निष्पादन किया जाएंगा.नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने नगरवासियों से अपील किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं.

## पेंशन योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन अभियान तेज



**संताल एक्सप्रेस बरहेट ।** बरहेट प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन अभियान तेज कर दिया गया है. निर्धारित तिथियों के अनुसार लाभुक संबंधित पंचायत भवन पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना सत्यापन करा रहे हैं.सत्यापन अभियान के तहत् वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पीवीटीजी पेंशन, निराश्रित पेंशन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के दस्तावेजों एवं पात्रता की जांच की जा रही है. प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं का लाभ केवल पात्र लाभुकों को ही मिले तथा अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाया जा सके.प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पेंशनधारियों से निर्धारित तिथि पर संबंधित पंचायत भवन पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना सत्यापन कराने की अपील की है.उन्होंने कहा कि समय पर सत्यापन कराने से पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी तथा योजनाओं का लाभ नियमित रूप से मिलता रहेगा.

## नशा, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक




**गोड्डा प्रतिनिधि ।** गोड्डा के प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आकाश भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को नशे को ना कहें का संदेश देते हुए नशा मुक्ति, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, मोबाइल सुरक्षा, महिला सुरक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ भी दिलाई।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य को बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ से दूर रहने तथा अपने मित्रों और परिवार को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन लगातार नशा मुक्ति अभियान चला रहा है और इसमें विद्यार्थियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।साइबर सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता संख्या, गोपनीय संकेतांक, ओटीपी, एटीएम विवरण अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करें। किसी भी संदिग्ध कड़ी पर क्लिक करने, फर्जी संदेशों और लालच देने वाले प्रस्तावों से बचें।

## गोड्डा में एसआईआर पुनरीक्षण अभियान



**गोड्डा।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत महागामा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन ने शनिवार को अपने परिवार के साथ गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को सौंपा। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समय पर गणना प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील की। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोड्डा जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण किया जा रहा है। इसी क्रम में बीएलओ ने नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पहुंचकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया, जिसे उन्होंने आवश्यक जानकारी के साथ भरकर जमा किया।प्रबोध सोरेन ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाता बीएलओ का सहयोग करें तथा समय पर गणना प्रपत्र भरकर जमा करें, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए। उन्होंने यह भी अपील की कि जिन मतदाताओं के नाम, पता, आयु या अन्य विवरण में त्रुटि है अथवा नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ा जाना है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन अवश्य करें। मौके पर संबंधित बीएलओ भी उपस्थित रहे।

## ठनका गिरने से ट्रांसफार्मर जला, 10 दिनों से अंधेरे में हैं तिलाबनी के लोग



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड के तिलाबनी गांव स्थित जोबड़ा टोला में ट्रांसफार्मर पर ठनका गिरने से वह जल गया, जिसके कारण पिछले 10 दिनों से पूरे टोले में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। बिजली नहीं रहने से करीब 24 से 30 परिवारों को भीषण गर्मी, पेयजल संकट तथा दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।शनिवार को जनतादल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष सुनील राय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे बाध्य होकर व्यापक जनआंदोलन करेंगे।मौके पर शंभु राय, बुधन राय, दिनू राय, निशान राय, सुभाष राय, भूमिका राय, शकुंतला राय, लक्ष्मी राय, शानु राय, मंजु राय, संजीत राय, शांति राय, पूनम राय, धरमा मुर्मू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कन्हवारा में पाक्षिक पूजनोत्सव की धूम



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय से सटी कझिया नदी के मनोरम तट पर स्थित कन्हवारा नाग मंदिर में आर्द्रा नक्षत्र में विशेष पाक्षिक पूजनोत्सव की धूम मची हुई है। यह पूजा पिछले 22 जून को शुरू हुई है। यहां नाग देवता का जलाभिषेक किया जाता है। पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। पुजारी अशोक मांझी ने बताया कि यह पूजा शुरू आद्रा से शुरू होकर आर्द्रा नक्षत्र अंत में जाकर समाप्त होती है। यह पूजा सात जुलाई तक जारी रहेगा। छह जुलाई को ब्राह्मण-कुमारी भोज का आयोजन होगा। वहीं सात जुलाई को श्रद्धालुओं द्वारा डलिया चढ़ाया जायेगा।

## करमाटांड़ में सेकेंड लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता



**करमाटांड़ ।** ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को करमाटांड़ स्थित राजकीयकृत गुलाब राय गुटगुटिया प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सेकेंड लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस रोमांचक प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।आठ टीमों ने दिखाई खेल भावनाइस प्रतियोगिता में अंडर-12 (यू-12) बालक एवं बालिका वर्ग के लिए कुल आठ विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें बालक वर्ग की पांच और बालिका वर्ग की तीन टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन प्रखंड की बीपीओ सावित्री किस्कू, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रितेश कुमार सिंह, रिसोर्स शिक्षक शशि शेखर, खेल शिक्षक नीतेश कुमार और शिक्षक विद्या सागर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## राजमहल में कमरे से एक व्यक्ति का शव बरामद

**संताल एक्सप्रेस राजमहल।** राजमहल थाना क्षेत्र के एक घर से पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया है. मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 पुन्नी टोला एक घर से काफी दुर्गंध आ रहा था. आसपास के रहने वाले पड़ोसी एवं आने जाने वाले राहगीरों के द्वारा इसकी सूचना थाना पुलिस को दिया गया. सूचना मिलते ही थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर उक्त घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि काफी दुर्गंध आ रहा है और अंदर कमरे में एक व्यक्ति निर्वस्त्र अवस्था में मृत पड़ा हुआ है. उक्त शव को बाहर निकल गया तो उसकी पहचान आसपास के मोहल्ले वासी एवं परिजनों के द्वारा इकबाल अहमद अंसारी के 38 वर्षीय पुत्र फरहान अहमद अंसारी उर्फ गुल्लह के रुप में किया. पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. वहीं मोहल्ले एवं परिजनों का कहना है कि फरहान अंसारी मानसिक रूप से अस्वस्थ था. वह अकेले ही घर में पिछले चार दिनों से मोहल्ले वासियों ने उसे नहीं देखा था. आज दुर्गंध आने के बाद पता चला. तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई.

## विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों के साथ की बैठक

**राजमहल।** राजमहल नगर क्षेत्र के प्लस टू जेके उच्च विद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के साथ बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ अभिजीत कुमार ने की. इस दौरान सभी अभिभावकों को बताया गया कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें.एवं स्कूल से जाने के बाद बच्चे से अवश्य पूछे कि स्कूल में क्या कुछ पढ़ाया गया और उनसे सवाल करें. उनसे जानने का प्रयास करें. ताकि वह नियमित स्कूल पहुंच रहे हैं या नहीं वह पढ़ाई कर रहे हैं या नहीं. तभी उनके अच्छे भविष्य का निर्माण एवं अच्छे से पढ़ा-लिखाई कर पाएंगे. बच्चों की अच्छे भविष्य की जिम्मेवारी अभिभावक एवं शिक्षकों की होती है और शिक्षक हमेशा प्रयासरत है ।

## मेहरमा के प्रितेश ने भारतीय वन सेवा परीक्षा में हासिल की 59वीं रैंक



**मेहरमा।** प्रखंड के सुड़नी गांव निवासी प्रितेश सिन्हा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 59वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। प्रितेश के पिता आशुतोष कुमार किसान हैं, जबकि माता बॉबी सिन्हा गृहिणी हैं। साधारण परिवार से आने वाले प्रितेश ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासित तैयारी के बल पर यह सफलता अर्जित की है।प्रितेश ने वर्ष 2016 में पीरपैंती स्थित गौथल्स पब्लिक स्कूल से 10वीं की परीक्षा 9.4 सीजीपीए के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 2018 में पटना के केंद्रीय विद्यालय से प्रथम श्रेणी में इंटरमीडिएट पास किया। उन्होंने वर्ष 2023 में रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से एग्रोफॉरेस्ट्री विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। स्नातक के बाद रांची में रहकर भारतीय वन सेवा परीक्षा की तैयारी की और पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इससे पहले उनका चयन बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) पद के लिए भी हो चुका है।

## मासूम बचपन कचरे के ढेर में तलाश रहा भविष्य



**महागामा।** जिस उम्र में नन्हे हाथों में किताबें होनी चाहिए, कंधों पर स्कूल बैग होना चाहिए और मासूम चेहरों पर पढ़ाई के सपने सजने चाहिए, उसी उम्र में कुछ बच्चे पेट की आग बुझाने के लिए कंधों पर प्लास्टिक का बोरा उठाकर कचरा बीनने को मजबूर हैं। यह मार्मिक तस्वीर हनवारा थाना क्षेत्र के शहजादपुर मुख्य चौक की है, जहां छोटे-छोटे बच्चे सड़क किनारे कचरे के ढेर में प्लास्टिक और कबाड़ तलाशते नजर आए। बच्चों के साथ उनके पिता भी मोटरसाइकिल जुगाड़ गाड़ी से मौजूद थे।पत्रकार से बातचीत के दौरान उन्होंने अपना घर महगामा प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर बताया।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मेहरमा।** प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलचक गांव में मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त के घर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया। यह कार्रवाई बलबड्डा थाना कांड संख्या-72/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में दर्ज मामले में की गई। पुलिस के अनुसार मामले के नामजद अभियुक्त ब्रजेश यादव (पिता- बोधनारायण यादव), निवासी कमलचक, थाना बलबड्डा, घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा है। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के कारण उसके विरुद्ध न्यायालय से इश्तेहार निर्गत किया गया था। आदेश के अनुपालन में शुक्रवार की रात बलबड्डा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक मुक्तेश्वर राम पुलिस बल के साथ अभियुक्त के घर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों की मौजूदगी में ढोल बजवाकर इश्तेहार चस्पा किया गया ।

## कुंडहित में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो की प्रयास से शनिवार को कुंडहित पुरातन प्रखंड परिसर में जले हुए 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया। विदित हो कि बीते पांच दिनों से आसमानी बिजली गिरने से ट्रांसफॉर्मर जल गया था। ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण कुंडहित बाजार सहित नापित टोला तक 305 बिजली उपभोक्ताओं इस उमश भरी गर्मी में बिजली बाधित रही। बिजली उपभोक्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो को जले हुए ट्रांसफार्मर की समस्या से अवगत कराया। बिजली समस्या से अवगत होते ही विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से सम्पर्क कर अभिलंब 200 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यपालक अभियंता ने विधानसभा अध्यक्ष की निर्देश पर जमा बिजली उपकेंद्र से 200 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता संतोष सिंहा ने बताया ग्रामीणों की बिजली समस्याओं की सूचना मिलती ही विधानसभा अध्यक्ष ने एक दिन के अंदर 200 केवीए ट्रांसफार्मर अपने प्रयास से जमा बिजली उपकेंद्र से कुंडहित लाकर चालू करवाया। उन्होंने बताया 200 केवीए ट्रांसफार्मर से कुंडहित बाजार सहित नापित टोला तक 305 उपभोक्ताओं से अधिक बिजली उपभोक्ता बीते 5 दिनों से बिजली समस्या को लेकर जूझ रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर 24 घंटे के भीतर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने की व्यवस्था की।

## पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : मंत्री



**जामताड़ा।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक बार फिर अपने कार्यकर्ताओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया। जामताड़ा प्रखंड के मोजरा गांव निवासी कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता बागान टुडू को सीने में दर्द की शिकायत होने पर मंत्री ने तत्काल पहल करते हुए उन्हें रांची स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी एंजियोग्राफी की गई है। अब विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह के अनुसार आगे का उपचार किया जाएगा।शनिवार को डॉ. इरफान अंसारी स्वयं मेदांता अस्पताल पहुंचे और बागान टुडू का हालचाल जाना। उन्होंने उनके परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनके सुख-दुख में साथ खड़ा रहना उनका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता उनके लिए परिवार का हिस्सा है और जरूरत की हर घड़ी में वे उनके साथ खड़े रहेंगे।डॉ. इरफान अंसारी की इस पहल की कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सराहना करते हुए इसे संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण बताया।

## सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने जमीनी स्तर पर निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर शनिवार को सभी प्रखंडों में नामित वरीय अधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति और वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानें, मनरेगा योजनाएं, कल्याण छात्रावास, प्रशिक्षण केंद्र, आवासीय विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही योजनाओं के संचालन, गुणवत्ता और लाभुकों तक पहुंच की समीक्षा भी की गई।अभियान के तहत जामताड़ा प्रखंड के सोनबाद एवं जियाजोरी, करमाटांड के तेतुलबंधा, फतेहपुर के अगैयासरमुंडी, नाला के फुटबेड़िया तथा कुंडहित के आमलादेही पंचायत में अधिकारियों ने विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं, योजनाओं की प्रगति और आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।जिला प्रशासन का उद्देश्य योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ाना, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और आम लोगों को सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## रेल सुविधाओं को लेकर जन सेवा पार्टी का प्रदर्शन



**मिहिजाम।** चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर शनिवार को जन सेवा पार्टी ने क्षेत्र की रेल सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर जोरदार पहल की। पार्टी संयोजक राकेश लाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन प्रबंधक को मंडल रेल प्रबंधक के नाम आठ सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में मिहिजाम के अंबेडकर नगर एवं कृष्णानगर स्थित रेलवे की छोटी पुलिया का चौड़ीकरण, चित्तरंजन-कोलकाता ट्रेन को पुनः शुरू कर हावड़ा तक विस्तार देने, आसनसोल-किऊल फास्ट लोकल ट्रेन, आसनसोल-जसीडीह लोकल के फेरों में वृद्धि, जसीडीह-धनबाद लोकल ट्रेन, चित्तरंजन स्टेशन पर कई प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव तथा देवघर-बनारस एक्सप्रेस को जामताड़ा, चित्तरंजन व गया होकर चलाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।राकेश लाल ने कहा कि पुलिया का चौड़ीकरण स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान करेगा, जबकि नई ट्रेनों और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रेलवे प्रशासन ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो जन सेवा पार्टी व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी और आवश्यकता पड़ने पर रेल चक्का जाम भी किया जाएगा।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पवन देव राय, जिला प्रवक्ता छोटेलाल मंडल, मंटू दास, सामु दास, विक्की साव, बिजय सरकार, चंद्रशेखर साव, मो. रियाज आलम, किशन लाल मिर्धा, विनय पंडित, भगवान राय सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वन महोत्सव पर वृक्षारोपण कार्यक्रम



**कुंडहित (जामताड़ा)।** वन महोत्सव को लेकर शनिवार को कुंडहित प्रखंड के सालुका गांव में हरियाली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस में कार्यरत जवान चंचल कुमार पातर और भाजपा नेता सजल दास ने मिलकर दर्जनों पौधे लगाए। कार्यक्रम में गांव के दर्जनों ग्रामीण भी शामिल हुए।वर्दी के साथ-साथ पर्यावरण की भी रक्षा जरूरी सालुका गांव निवासी चंचल कुमार पातर वर्तमान में दुमका शहर में पुलिस सेवा दे रहे हैं। ड्यूटी के दबाव के बावजूद वे हर छुट्टी में अपने गांव आकर वृक्षारोपण करते हैं। पिछले 4 वर्षों में वे अब तक 100 से अधिक नीम, पीपल, बरगद, आम और बांस के पौधे गांव के स्कूल, तालाब, आंगनबाड़ी और सार्वजनिक स्थानों पर लगा चुके हैं।इस मौके पर चंचल पातर ने कहा, ÷हम वर्दी पहनकर समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखते हैं। लेकिन असली सुरक्षा तभी है जब हमारे पास शुद्ध हवा और पानी हो। पेड़ ही हमारे जीवन की रीढ़ हैं। शहर में रहता हूं, पर मिट्टी से जुड़ाव नहीं भूला। इसलिए जब भी समय मिलता है गांव आकर पौधे लगाता हूं। मेरा सपना है कि सालुका को हरियाली वाला आदर्श गांव बनाना।भाजपा नेता सजल दास ने दी प्रेरणा कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता एवं समाजसेवी सजल दास ने भी पौधारोपण में हिस्सा लिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सजल दास ने कहा, आज हमें चंचल पातर जैसे नौजवानों से सीख लेने की जरूरत है। ये पुलिस की नौकरी के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी काम कर रहे हैं।

## जब सत्ता के भीतर से उठे सवाल

बिहार में कानून-व्यवस्था की बहस और चिराग पासवान की नई राजनीतिक भूमिका बिहार की राजनीति में कई बार विपक्ष से अधिक असहज सवाल सत्ता के भीतर से उठते हैं। यही इस समय हो रहा है। भोजपुर के भरत तिवारी प्रकरण और राजगीर में दो दलित युवकों की हत्या ने कानून-व्यवस्था पर बहस छेड़ी ही थी, लेकिन इस बहस को निर्णायक मोड़ तब मिला जब केंद्र सरकार के मंत्री और एनडीए के प्रमुख सहयोगी चिराग पासवान स्वयं पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे। भारतीय राजनीति में संवेदना का सबसे बड़ा प्रमाण बयान नहीं, उपस्थिति होती है। घटनास्थल पर पहुंचना केवल औपचारिकता नहीं होता; वह संदेश होता है कि सत्ता जनता की पीड़ा से दूर नहीं है। यही कारण है कि भरत तिवारी के गांव जाकर उनकी मां से मिलना, परिवार को न्याय का भरोसा देना और उसके बाद उसी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना, जिसका वे स्वयं हिस्सा हैं, सामान्य राजनीतिक घटना नहीं है। चिराग ने भरत तिवारी की मौत को केवल पुलिस कार्रवाई का मामला नहीं माना। उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा कि यदि यह हत्या है, तो लोकतंत्र में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने लाइन हाजिर किए गए डीएसपी की पोस्टिंग पर भी सवाल उठाए और इसे कार्रवाई से अधिक पुरस्कार जैसा बताया। इसके पहले वे अमित शाह से मिलकर पूरे मामले की जानकारी दे चुके थे। संदेश स्पष्ट था–जांच ऐसी हो जिस पर जनता को भरोसा हो। यहीं राजनीति रोचक भी हो जाती है और गंभीर भी।

आमतौर पर गठबंधन सरकारों में सहयोगी दल विवादास्पद मामलों पर संयमित भाषा का प्रयोग करते हैं। लेकिन चिराग पासवान ने संयम और चुप्पी के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने सरकार गिराने की बात नहीं की, लेकिन सरकार को आईना जरूर दिखाया। लोकतंत्र में शायद सहयोगी की यही सबसे रचनात्मक भूमिका होती है।

इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पक्ष उतना ही महत्वपूर्ण है। बिहार की राजनीति में कभी ऐसी परंपरा रही है कि बड़ी घटनाओं के बाद नेता सबसे पहले पीड़ित परिवार तक पहुंचते थे। कर्पूरी ठाकुर, लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी, रामविलास पासवान, यशवंत सिन्हा और जगन्नाथ मिश्र, जैसे नेता घटनास्थल की राजनीति करते थे, और यह राजनीति नकारात्मक अर्थ में नहीं, बल्कि जनता के बीच उपस्थित रहने की राजनीति थी। इस पूरे घटनाक्रम में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन की सक्रियता का भी उल्लेख आवश्यक है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने स्वयं को ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है जो किसी भी बड़ी दुर्घटना, हिंसा या प्रशासनिक विवाद के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों के बीच मौजूद रहता है। चाहे सड़क दुर्घटना हो, अपराध की घटना हो या सामाजिक तनाव, उनकी राजनीति का एक प्रमुख पक्ष प्रत्यक्ष उपस्थिति रहा है। यदि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की पहली जिम्मेदारी जनता के सुख-दुख में सहभागी होना है, तो यह परंपरा राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सभी दलों के नेताओं के लिए अनुकरणीय होनी चाहिए। इस दृष्टि से चिराग पासवान और पप्पू यादव–दोनों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि पीड़ित परिवार के दरवाजे तक पहुंचना केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व भी है। अंततः जनता भाषणों से अधिक नेताओं की संवेदनशील उपस्थिति को याद रखती है।आज राजनीति का बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया की स्क्रीन पर सिमटता जा रहा है। संवेदना अब कई बार पोस्ट में दिखाई देती है, पहुंचने में नहीं। यही बदलाव लोकतंत्र और जनता के बीच दूरी भी बढ़ाता है। यह कहना अतिशयोक्ति होगी कि केवल एक नेता के पहुंच जाने से बाकी सभी छोटे हो जाते हैं। लेकिन यह अवश्य कहा जा सकता है कि ऐसे समय में जो नेता जोखिम उठाकर पीड़ित परिवार तक पहुंचता है, वह राजनीतिक संदेश भी देता है और नैतिक उपस्थिति भी दर्ज कराता है।

# पर्यावरण नहीं, अस्तित्व का प्रश्न है वनों का संरक्षण

**– योगेश कुमार गोयल**

भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव पूजनीय माना गया है। हमारे पर्व और उत्सव केवल सामाजिक उल्लास के अवसर नहीं रहे बल्कि प्रकृति और मानव के सह अस्तित्व के प्रतीक भी रहे हैं। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के क्षरण, प्रदूषण और जल संकट जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत में 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला 'वन महोत्सव' केवल वृक्षारोपण का अभियान नहीं बल्कि पृथ्वी पर जीवन बचाने का राष्ट्रीय संकल्प बन चुका है। वास्तव में वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखा जाए तो वन महोत्सव से बड़ा कोई उत्सव नहीं हो सकता क्योंकि इसका संबंध केवल पर्यावरण से नहीं बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य से है।

भारतीय परंपरा में वनों को देवतुल्य माना गया है। वे केवल पेड़ों का समूह नहीं बल्कि पृथ्वी के फेफड़े, जैव विविधता के सबसे बड़े आश्रय, नदियों के संरक्षक, जलवायु संतुलन के प्रहरी तथा करोड़ों लोगों की आजीविका के आधार हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति से ठीक पहले जुलाई 1947 में दिल्ली में चलाए गए व्यापक वृक्षारोपण अभियान ने वन महोत्सव की अवधारणा को जन्म दिया था, जिसे वर्ष 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि एवं खाद्य मंत्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। जुलाई के प्रथम सप्ताह का चयन इसलिए किया गया क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान मिट्टी में पर्याप्त नमी होने से पौधों के जीवित रहने की संभावना सर्वाधिक रहती है। आज यह अभियान भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन का जीवंत प्रतीक बन चुका है।

वनों की स्थिति विश्व स्तर पर चिंताजनक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पृथ्वी का केवल लगभग 31 प्रतिशत भूभाग ही वनाच्छादित है जबकि प्रतिवर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अवैध कटाई, औद्योगिकीकरण, खनन और अवसंरचनात्मक विकास की भेंट चढ़ रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में विश्व के अनेक वर्षावन गंभीर संकट में पड़ सकते हैं। ऐसे समय में भारत जैसे विशाल और जैव विविधता से समृद्ध देश की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। भारत ने हाल के वर्षों में वन संरक्षण और वृक्षारोपण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

भारतीय वन सर्वेक्षण की भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) के अनुसार, देश का कुल वन एवं वृक्ष आवरण बढ़कर 8,27,357 वर्ग किलोमीटर हो गया है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 25.17 प्रतिशत है। इसमें 7,15,343 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र तथा 1,12,014 वर्ग किलोमीटर वृक्ष आवरण शामिल है। पिछले आकलन की तुलना में कुल हरित आवरण में 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज हुई। क्षेत्रफल के आधार पर मध्य प्रदेश सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है जबकि अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ उसके बाद आते हैं। वहीं, वन घनत्व के अनुपात में मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय अग्रणी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्सेज असेसमेंट रिपोर्ट में भारत को कुल वन क्षेत्र के आधार पर विश्व में नौवां स्थान तथा वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में अग्रणी देशों में स्थान प्राप्त हुआ है।

हालांकि इन उपलब्धियों के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हरित आवरण में हुई वृद्धि का बड़ा हिस्सा प्राकृतिक सघन वनों के बजाय खुले वनों तथा व्यावसायिक वृक्षारोपण के कारण हुआ है। प्राकृतिक वन केवल पेड़ों का समूह नहीं होते बल्कि हजारों वनस्पतियों, जीव-जंतुओं, सूक्ष्म जीवों और जल स्रोतों का जटिल पारिस्थितिकी तंत्र होते हैं। इनका स्थान कृत्रिम पौधारोपण कभी नहीं ले सकता। विशेष चिंता का विषय पूर्वोत्तर भारत है, जहां सड़क निर्माण, जलविद्युत परियोजनाओं, झूम खेती, भूस्खलन तथा अन्य विकास गतिविधियों के कारण कई क्षेत्रों में वन क्षेत्र में कमी दर्ज की गई है। दूसरी ओर विकास परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के बाद प्रतिपूरक वृक्षारोपण तो किया जाता है लेकिन पौधों की देखभाल, सिंचाई और संरक्षण की अनदेखी के कारण उनमें से अधिकांश जीवित नहीं रह पाते। केवल पौधे लगा देना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना ही वास्तविक सफलता है।

आज वन मानव स्वास्थ्य के सबसे बड़े संरक्षक बन चुके हैं। वायु प्रदूषण, जल संकट और भूमि के मरुस्थलीकरण जैसी समस्याओं का सबसे प्रभावी और किफायती समाधान वृक्ष ही हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करते हैं, ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, भूजल स्तर बनाए रखते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। साथ ही, अनियमित मानसून, भीषण हीटवेव, सूखा, क्लाउडबर्स्ट और जंगलों में आग जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। इस संकट से निपटने के लिए भारत ने वर्ष 2030 तक अतिरिक्त 2.5 से 3 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कार्बन सिंक विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें वनों की भूमिका निर्णायक होगी।बहरहाल, वन महोत्सव का वास्तविक संदेश केवल सप्ताह भर लाखों पौधे लगाने तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी सफलता इस बात में निहित है कि स्थानीय जलवायु के अनुरूप नीम, पीपल, बरगद, बेल, जामुन, अर्जुन और अन्य देशज प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक पौधे की कम-से-कम तीन वर्षों तक नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। जब तक पौधारोपण को जनभागीदारी और जन जिम्मेदारी का अभियान नहीं बनाया जाएगा, तब तक हरित भारत का सपना अधूरा रहेगा।

विकास और पर्यावरण परस्पर विरोधी नहीं बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आर्थिक प्रगति, आधुनिक तकनीक और अवसंरचनात्मक विकास आवश्यक हैं किंतु वे स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और संतुलित जलवायु का विकल्प नहीं बन सकते। यदि वन सुरक्षित रहेंगे तो नदियां जीवित रहेंगी, भूजल समृद्ध होगा, जैव विविधता संरक्षित रहेगी और मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए वन महोत्सव केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व और राष्ट्रीय आंदोलन बनना चाहिए। आज आवश्यकता केवल वृक्ष लगाने की नहीं बल्कि उन्हें बचाने की भी है क्योंकि आने वाली पीढ़ियां हमसे विकास की ऊंची इमारतें नहीं बल्कि सांस लेने योग्य स्वच्छ पृथ्वी की विरासत चाहेंगी।

# लोककला से लोकसमृद्धि तक- बिहार के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की नई कहानी

**-डॉ. मीना कुमारी**

बिहार की पहचान केवल नालंदा, वैशाली और बोधगया तक सीमित नहीं है। यह राज्य अपनी जीवंत लोक कलाओं, लोकगीतों और पारंपरिक शिल्प के कारण भी विश्व पटल पर विशिष्ट स्थान रखता है। मधुबनी चित्रकला, मंजूषा कला, सिक्की शिल्प, सुजनी कढ़ाई, बिदेसिया और जट-जटिन जैसी विधाएं बिहार की सांस्कृतिक आत्मा हैं। किंतु लंबे समय तक इन कलाओं के सृजक कलाकार सम्मान से अधिक संघर्ष का जीवन जीते रहे। उनके सामने बाजार का अभाव, पूंजी की कमी, तकनीकी पिछड़ापन और संस्थागत समर्थन का संकट था।पिछले कुछ वर्षों में यह परिदृश्य बदलने लगा है। केंद्र की ÷विरासत से विकास÷ की नीति और बिहार सरकार के सांस्कृतिक संरक्षण एवं कौशल संवर्धन के प्रयासों ने लोक कलाकारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय आधार तैयार किया है। आज पहली बार लोककला को केवल सांस्कृतिक धरोहर नहीं बल्कि क्रिएटिव इकोनॉमी यानी रचनात्मक अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जा रहा है। इसी सोच के अनुरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने ÷क्रिएटिव इकोनॉमी÷ के लिए अलग नीति आधारित पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक उद्योगों को रोजगार, नवाचार और वैश्विक बाजार से जोड़ना है।इस परिवर्तन की सबसे बड़ी पहचान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना है। परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को पहचान, कौशल उन्नयन, आधुनिक औजार, आसान ऋण, डिजिटल भुगतान और विपणन सहायता देने वाली यह योजना पहली बार शिल्पकार को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि उद्यमी के रूप में स्थापित करती है। बिहार में इसके परिणाम उल्लेखनीय रहे हैं। सरकारी आँकड़ों के अनुसार राज्य में 1.62 लाख से अधिक पारंपरिक कारीगर पंजीकृत हुए, 1.05 लाख से अधिक को प्रशिक्षण मिला, लगभग 19 हजार लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये से अधिक का रियायती ऋण मिला तथा हजारों आधुनिक टूल किट वितरित किए गए। लाभार्थियों में बड़ी संख्या अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और महिलाओं की है।यह परिवर्तन केवल एक योजना का परिणाम नहीं है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) जैसी पहल ने जिलों की विशिष्ट कला और उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान देने का नया अवसर दिया है। बिहार के हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पाद अब स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार से जोड़ने की रणनीति विकसित की जा रही है।

बिहार सरकार ने भी इस दिशा में समानांतर प्रयास किए हैं। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित बिहार दिवस, राज्य स्तरीय लोक महोत्सव, जिला स्तरीय सांस्कृतिक आयोजन, कलाकार सम्मान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने लोक कलाकारों को मंच उपलब्ध कराया है। पटना का बिहार संग्रहालय तथा विभिन्न सांस्कृतिक संस्थान राज्य की लोक परंपराओं को नई पीढ़ी और पर्यटकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार संरक्षण की पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर संस्कृति को विकास के संसाधन के रूप में देख रही है।मधुबनी चित्रकला इसका सबसे प्रेरक उदाहरण है। जीआई (ज्योग्राफिकल इंडिकेशन) टैग मिलने के बाद इस कला की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। मिथिलांचल की हजारों महिला कलाकार आज स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश-विदेश के बाजारों तक पहुंच रही हैं।

## पाकुड़ की खबरें

### लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर : एसडीपीओ

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। एसडीपीओ कुमार गौरव ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध समीक्षा बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान एसडीपीओ ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान तेज करने तथा इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने हाल के दिनों में हुई चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावी रणनीति बनाकर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को खुफिया तंत्र को और अधिक मजबूत करने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने तथा क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही फेरी लगाने वालों एवं कबाड़ बीनने वालों का सत्यापन अभियान चलाने पर भी जोर दिया, ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।एसडीपीओ ने कहा कि अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारी सक्रियता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करें।

### एनएच-133 ए के प्रमुख चौक-चौराहों का संयुक्त निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने शनिवार को राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच)-133ए के प्रमुख चौक-चौराहों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।निरीक्षण के दौरान टीम ने मुख्य चौराहों पर अतिक्रमण, सड़क पर बने गड्ढों, गलत दिशा से वाहन संचालन तथा भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही जैसी समस्याओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने पाया कि अतिक्रमणकारी दुकानों और अस्थायी निर्माणों के कारण पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं, सड़क पर गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। गलत दिशा से वाहन चलाने की प्रवृत्ति और भारी वाहनों की बिना रोक-टोक आवाजाही से भी यातायात बाधित हो रहा है।निरीक्षण के दौरान चांदपुर ऑटो-टोटो स्टैंड का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। वहां मौजूद चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने, निर्धारित स्टैंड पर ही वाहन खड़ा करने तथा ओवरलोडिंग से बचने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने चालकों को

### रथ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददातामहेशपुर (पाकुड़)। एसडीपीओ विजय कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। बैठक में आगामी रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।एसडीपीओ ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।बैठक में सभी थाना प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार गश्ती करने, नियमित रूप से दिवा, संध्या एवं रात्रि गश्ती चलाने तथा अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।अपराध गोष्ठी के दौरान एसडीपीओ ने विभिन्न थानों के लंबित कांडों, यूडी (अस्वाभाविक मृत्यु) मामलों सहित पूर्व एवं विगत माह तक के सभी लंबित और प्रतिवेदित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा अनुसंधान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।बैठक में अमड़ापाड़ा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भांगड़ा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा, रद्दीपुर ओपी प्रभारी अजय उपाध्याय, पाकुड़िया थाना के एसआई नागेंद्र कुमार, एसडीपीओ के रीडर नरेन मरांडी एवं पुलिस निरीक्षक के रीडर पिंटू कुमार उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण में 70 डिसमिल भूमि पर कब्जे का आरोप, मुआवज़े के लिए वर्षों से भटक रहे रैयत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत चंडालमारा से पाखरिया (पैनम पथ) सड़क चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में केवल 10 डिसमिल भूमि अधिग्रहण का उल्लेख किया गया, जबकि विभागीय जांच में करीब 70 डिसमिल भूमि पर सड़क निर्माण के लिए स्थायी कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बावजूद प्रभावित रैयतों को अब तक उचित मुआवज़ा नहीं मिल सका है।

जानकारी के अनुसार, 14 सितंबर 2018 को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पाकुड़ द्वारा जारी पत्रांक-24/भू0अ0 में इस मामले की गंभीरता स्वीकार की गई थी। पत्र में उल्लेख है कि उज्जवल कुमार मंडल और स्वपन कुमार मंडल ने



आवेदन देकर शिकायत की थी कि उनकी 51 डिसमिल भूमि अधिग्रहित कर ली गई, जबकि पथ निर्माण विभाग की अधियाचना में केवल 10 डिसमिल भूमि का ही उल्लेख किया गया था।

शिकायत के बाद अंचल अधिकारी, महेशपुर द्वारा कराई गई जांच में सामने आया कि मौजा चंडालमारा, थाना संख्या-91, जमाबंदी संख्या-24, दाग संख्या-139 की कुल भूमि में से लगभग 70 डिसमिल जमीन सड़क चौड़ीकरण के लिए स्थायी रूप से उपयोग में लाई गई है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पाकुड़ को पुनः सत्यापन कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर शेष भूमि की नई अधियाचना भेजने का निर्देश दिया था।इसके बावजूद प्रभावित परिवारों का आरोप है कि वर्षों बीत जाने के बाद भी उन्हें उनकी अधिग्रहित भूमि का मुआवज़ा नहीं मिला। इस संबंध में 9 दिसंबर 2025, 23 दिसंबर 2025 और 19 जून 2026 को पाकुड़ उपायुक्त को अलग-अलग आवेदन देकर लंबित मुआवज़े के भुगतान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।मामले को सामाजिक कार्यकर्ता बी. मंडल ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया है। उन्होंने कहा कि जब विभागीय पत्राचार और जांच रिपोर्ट स्वयं अधिक भूमि अधिग्रहण की पुष्टि कर रही है, तो प्रभावित रैयतों को अब तक उनका वैधानिक मुआवज़ा क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्षों से आवेदन देने के बावजूद पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलना चिंता का विषय है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का निर्माण वर्षों पहले पूरा हो चुका है और अधिग्रहित भूमि का उपयोग लगातार हो रहा है, लेकिन जिन किसानों की जमीन सड़क में चली गई, उन्हें आज तक उनका वैधानिक अधिकार नहीं मिला। अब लोगों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि इस लंबे समय से लंबित मामले का समाधान कब होगा और यदि अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर एबीवीपी आयोजित करेगी प्रतिभा सम्मान समारोह

पाकुड़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ नगर इकाई की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार, छात्र हितों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का नेतृत्व जिला जनजातीय प्रमुख सह प्रदेश सह मंत्री बमभोला उपाध्याय ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर जिले में %प्रतिभा सम्मान समारोह सह करियर काउंसलिंग% का आयोजन किया




जाएगा।इस अवसर पर चंदन पहाड़िया ने कहा कि राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों, लोक कलाकारों तथा मैट्रिक (10वीं) और इंटर (12वीं) की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम में करियर काउंसलिंग सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष अपने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाता है। पाकुड़ नगर इकाई इस अवसर को युवाओं के भविष्य निर्माण से जोड़ते हुए इसे प्रेरणादायी स्वरूप देने की तैयारी कर रही है।बैठक में राहुल कुमार, रंजीत पहाड़िया, सूरज कुमार साहा, प्रदीप कुमार मिश्रा, दिनेश पंडित, सुरोजित दास, आयुष पटवा, आयुष चौरसिया, अमरीश कुमार मिश्रा, कुणाल कुमार, हर्ष कुमार एवं सूरज चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शराब दुकानों का हुआ औचक निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ । शनिवार को एसडीपीओ कुमार गौरव के नेतृत्व में पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र स्थित सभी सरकारी शराब दुकानों एवं लाइसेंसी बार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, संचालन प्रणाली तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में सभी शराब दुकानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता एवं उनकी कार्यशीलता का निरीक्षण किया गया। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों। एसडीपीओ ने सभी संचालकों को निर्देश दिया कि दुकानों के मुख्य प्रवेश द्वार पर मजबूत ग्रिल एवं ताला की व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें, ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहे। इसके अलावा यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिग बच्चों से शराब की बिक्री न कराई जाए तथा किसी भी नाबालिग को शराब नहीं बेची जाए। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित संचालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने सभी संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने, सतर्कता बरतने तथा कानून के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनहित में औचक निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

### एसडीओ ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का बूथ निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत शनिवार को एसडीओ साइमन मरांडी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने बूथ संख्या-10 एवं 11 का दौरा किया। उन्होंने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अभियान को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए।एसडीओ ने कहा कि अभियान के सफल संचालन के लिए प्रत्येक बूथ पर वॉलंटियर की तैनाती की गई है। साथ ही बीएलओ और पर्यवेक्षक लगातार कार्यों की निगरानी कर रहे हैं ताकि पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूरा किया जा सके।उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को प्रपत्र भरने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा अन्य जरूरी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक मतदाता इस अभियान का लाभ उठा सकें।

### नाबालिग से विवाह, गर्भपात और प्रताड़ना का आरोप, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)।अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी से विवाह करने, उसका गर्भपात कराने तथा बाद में पैसे के लिए प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है. मामले में पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत पर अमड़ापाड़ा थाना में पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत थाना कांड संख्या 50/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को महेशपुर थाना क्षेत्र के एक नाबालिग युवक ने प्रेम संबंध का झांसा देकर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अपने साथ भगा लिया था। आरोप है कि दोनों ने पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ मंदिर में विवाह कर लिया। उस समय सामाजिक बदनामी के भय से किशोरी के परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी शिकायत दर्ज नहीं कराई। पीड़िता के पिता ने अपने आवेदन में बताया है कि विवाह के कुछ समय बाद उनकी पुत्री की तबीयत बिगड़ गई थी। उसके इलाज पर उन्होंने करीब 30 हजार रुपये खर्च किए। स्वस्थ होने के बाद युवक उसे दोबारा अपने साथ ले गया। आरोप है कि इसके बाद वह किशोरी पर मायके से पैसे मंगाने का लगातार दबाव बनाने लगा और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट एवं प्रताड़ना करता था। आवेदन के अनुसार तीन जुलाई की शाम करीब चार बजे किशोरी ने रोते हुए अपने पिता को फोन कर बताया कि उसका पति उसके साथ मारपीट कर रहा है और तुरंत आने को कहा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे जहां दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाना पहुंचाया। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं पीड़िता को चिकित्सकीय जांच के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी भेजा गया है।

### डीसी ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डीसी ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन के साथ रहसपुर, बूथ संख्या-266, प्राथमिक विद्यालय रणडांगा स्थित बूथ संख्या-193 तथा बैंक कॉलोनी स्थित बूथ संख्या-403 सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन, प्रपत्रों के संधारण तथा प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत पुनरीक्षण कार्य पूरा किया जाए।उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है। नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र अथवा स्थानांतरित मतदाताओं की प्रविष्टियों का नियमानुसार निष्पादन तथा आवश्यक संशोधन पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किए जाएं। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदाताओं से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा संभावित समस्याओं की भी जानकारी ली।

### डीएवी में बाल संसद का गठन, दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ



पाकुड़।शनिवार स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल में बाल संसद के गठन के उपरांत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ सदर के एस डी पी ओ कुमार गौरव को आमंत्रित किया गया। एसडीपीओ गौरव विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती एवं डी ए वी स्कूल दुमका के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शपथ समारोह की शुरुआत की। बच्चों के जीवन कौशल विकास, नेतृत्व एवं निर्णय क्षमता एवं विद्यालय प्रबंधन में सहभागिता के तहत विद्यालय परिसर में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव किया गया।

# श्रावणी मेला : बिहार-झारखंड मिलकर संभालेंगे सुरक्षा-व्यवस्था

## 24 घंटे समन्वय में रहेंगे दोनों राज्यों के अधिकारी, वीआईपी दर्शन और डबल डेकर वाहनों पर रहेगी रोक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुरक्षित और सुचारु संचालन को लेकर शनिवार को देवघर परिसदन सभागार में बिहार और झारखंड के अधिकारियों की अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संथाल परगना आयुक्त संजय कुमार ने की। इसमें दोनों राज्यों के प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लेकर मेला संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की।




बैठक में तय किया गया कि सुल्तानगंज से देवघर तक पूरे कांवरिया मार्ग पर पड़ने वाले सभी जिले आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। दोनों राज्यों के अधिकारी चौबीसों घंटे संपर्क में रहेंगे और सूचना के त्वरित आदान-प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप के साथ आधुनिक सूचना तकनीक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान देवघर और बासुकीनाथ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में कई होल्डिंग प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। यहां बिजली, पंखा, शौचालय, स्नानघर, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट सिटी भी तैयार की जा रही है।

बैठक में विशेष रूप से छोटे बच्चों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने अपील की कि उनके पास परिजनों का मोबाइल नंबर या पता अवश्य रहे, ताकि किसी के बिछड़ने पर उसे आसानी से परिवार से मिलाया जा सके। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त ने कहा कि भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई और झारखंड के सीमावर्ती जिलों के बीच लगातार समन्वय बनाए रखा जाएगा। अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन गश्ती, चेक पोस्ट और निगरानी बढ़ाई जाएगी, जिससे किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। बैठक में देवघर जिला प्रशासन ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से मेला तैयारियों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहने की संभावना है। इसे देखते हुए विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कतार प्रबंधन, रूट व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सुरक्षित जलार्पण के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बिहार से आने वाले किसी भी छोटे या बड़े वाहन की छत पर श्रद्धालुओं को बैठाकर आने की अनुमति नहीं होगी। डबल डेकर कांवरिया वाहनों के देवघर सीमा में प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। सीमावर्ती जिलों से इस व्यवस्था के प्रभावी पालन में सहयोग करने का आग्रह किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह भी स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला 2026 के दौरान वीआईपी अथवा आउट ऑफ टर्न दर्शन की व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी। इससे सभी श्रद्धालुओं को समान रूप से सुगम और व्यवस्थित दर्शन का अवसर मिल सकेगा। बैठक में देवघर, दुमका, गोड्डा, भागलपुर, बांका, मुंगेर और जमुई के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की तैयारियों की समीक्षा प्रस्तुत की। सभी अधिकारियों ने बेहतर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और निर्बाध मेला संचालन के लिए आपसी समन्वय के साथ लगातार सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी बैठक से जुड़े।

# पालाजोरी में पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर गिरोह, चोरी की नौ बाईक बरामद




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेला को लेकर चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पालाजोरी पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के कब्जे से चोरी की नौ मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। इनमें दो मोटरसाइकिलें मधुपुर और नाला थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामलों से जुड़ी पाई गई हैं। पुलिस अन्य बरामद वाहनों के संबंध में भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर शुक्रवार रात करीब आठ बजे पालाजोरी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग और अड्डेबाजी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान अनारकली हाई स्कूल मैदान के पास एक युवक संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल पर बैठा मिला। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए युवक ने अपनी पहचान जामताड़ा जिले के बिंदापाथर थाना क्षेत्र निवासी संजय चार के रूप में बताई। उसके पास मौजूद सुपर स्प्लेंडर बाइक के कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने मोटरसाइकिल चोरी करने और उन्हें कम कीमत पर बेचने के धंधे में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह देवघर जिले के पथरौल थाना क्षेत्र निवासी धीरेन मंडल के साथ मिलकर विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी करता था। चोरी की मोटरसाइकिलें 10 से 15 हजार रुपये में बेच दी जाती थीं और रकम आपस में बांट ली जाती थी। उसने यह भी बताया कि चोरी की गाड़ियों को ठिकाने लगाने में चितरा थाना क्षेत्र के केदार मंडल की भी भूमिका रहती थी। संजय चार की निशानदेही पर पुलिस ने धीरेन मंडल को गिरफ्तार किया। उसकी सूचना पर चोरी की एक अपाची और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। इसके बाद केदार मंडल को भी गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के बाद छह और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। बरामद वाहनों में सुपर स्प्लेंडर, अपाची, पल्सर, ग्लैमर, पैशन प्रो, स्प्लेंडर प्लस और एचएफ डीलक्स जैसी मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इनमें कुछ बिना नंबर की हैं, जबकि एक बाइक का चेसिस और इंजन नंबर भी मिटाया गया मिला। पुलिस सभी वाहनों के असली मालिकों का पता लगाने और उनसे जुड़े चोरी के मामलों की जांच में जुटी है। इस कार्रवाई में पालाजोरी थाना प्रभारी संजय कुमार, पथरौल थाना प्रभारी दिलीप बिलूंग, मधुपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार और संदीप भगत सहित चितरा थाना के सशस्त्र बल और अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि गिरोह से पूछताछ के आधार पर चोरी के अन्य मामलों में भी जल्द खुलासा होने की संभावना है।

# देवघर : भीषण गर्मी के बीच 10 दिनों से आधी आबादी प्यासी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** भीषण गर्मी के बीच देवघर शहर इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। पिछले लगभग 10 दिनों से शहर के कई वार्डों में नियमित जलापूर्ति बाधित है, जिससे आधी आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है। एक ओर तेज धूप और बढ़ता तापमान लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर पीने के पानी का संकट आमजन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बताया जा रहा है कि केबल बिछाने वाली कंपनी की लापरवाही के बाद डोमासी जलमीनार (पानी टंकी) का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण जलापूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसका खामियाजा शहर के हजारों परिवार भुगत रहे हैं।




सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतने बड़े संकट के बावजूद देवघर नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर, डिप्टी मेयर, स्थानीय वार्ड पार्षदों तथा निगम के अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल या स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।

जल संकट के कारण आम लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। संपन्न परिवार निजी टैंकरों और जार का पानी खरीदकर किसी तरह अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं, लेकिन गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने पीने के पानी तक का संकट खड़ा हो गया है। कई इलाकों में लोगों को दूर-दूर तक पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सूर्य नमस्कार महायज्ञ समिति ने देवघर नगर निगम से मांग की है कि जब तक डोमासी जलमीनार की मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक सभी प्रभावित वार्डों में तत्काल सरकारी टैंकरों के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

समिति के अध्यक्ष बिजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यदि नगर निगम शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करता और जलापूर्ति सामान्य नहीं होती, तो प्रभावित नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन करने पर भी विचार किया जाएगा।

# देवघर मेयर ने अभिभावक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** आर. मित्रा डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार को प्रथम त्रैमासिक अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और विद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में देवघर नगर निगम के मेयर रवि कुमार राउत मुख्य अतिथि और वार्ड संख्या 12 के पार्षद अनूप वर्णवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और पुष्पहार देकर सम्मान किया गया। बैठक में अप्रैल से जून 2026 के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-शैक्षणिक गतिविधियों और विभिन्न कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। अभिभावकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति, मासिक रेल टेस्ट में प्रदर्शन, अनुशासन, नियमित पढ़ाई और समग्र शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और आधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, घर में पढ़ाई का बेहतर माहौल उपलब्ध कराने और विद्यालय के साथ लगातार संवाद बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यार्थियों का बेहतर भविष्य तैयार किया जा सकता है। अपने संबोधन में मेयर रवि कुमार राउत ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और सकारात्मक माहौल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने और हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिया। विशिष्ट अतिथि अनूप वर्णवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन, नियमित अध्ययन और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने और विद्यालय के विकास में निरंतर सहयोग करने की अपील की।

बैठक के बाद अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यालय की स्मार्ट कक्षाओं, विज्ञान एवं भाषा प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब तथा अन्य शैक्षणिक संसाधनों का अवलोकन किया। आधुनिक सुविधाओं और सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि अभिभावकों और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और संस्थान की निरंतर प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नमिता बसु मेमोरियल मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का शिलान्यास




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** रिखिया थाना क्षेत्र के बाबूडीह में नमिता बसु मेमोरियल मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के भव्य शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर पूर्व प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षिका स्वर्गीय नमिता बसु (नमिता राव) की प्रथम पुण्यतिथि के रूप में भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर हुई। वक्ताओं ने उनके शिक्षा, समाजसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित जीवन को प्रेरणादायी बताया। आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अस्पताल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल स्वर्गीय नमिता बसु की स्मृति को समाजसेवा के माध्यम से जीवंत रखने का प्रयास है। अस्पताल का उद्देश्य ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने इस पहल को क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताया और अस्पताल के शीघ्र निर्माण एवं सफल संचालन की कामना की। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, महिला एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इसे क्षेत्र के विकास और जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।

## मधुपुर प्रखंड कार्यालय में शिक्षकों का प्रशिक्षण



**मधुपुर ।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को वोलंटियर्स के रूप में प्रतिनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने की। प्रशिक्षण में नगर परिषद के पदाधिकारी सुरेंद्र किस्कु भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अजय कुमार दास ने प्रतिनियुक्त शिक्षकों को एसआईआर-2026 से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सभी स्वयंसेवकों को पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को प्रक्रिया, आवश्यक दिशा-निर्देश एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराना है, ताकि निर्धारित समय के भीतर कार्य सुचारु रूप से पूरा किया जा सके। नगर परिषद पदाधिकारी सुरेंद्र किस्कु ने भी प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवक निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करें। उन्होंने किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने तथा आम नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को आवश्यक प्रपत्रों के उपयोग, सूचना संकलन, अभिलेखों के सत्यापन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं से निपटने के उपाय बताए गए।

## पीएम मातृ वंदना योजना पर सेविकाओं का प्रशिक्षण



**मधुपुर ।** बाल विकास परियोजना सभागार में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा दिन शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में सेक्टर 7 एवं 8 की आंगनबाड़ी सेविकाओं को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षिका सलवंती हेंब्रम ने बताया कि यह प्रशिक्षण 1 जुलाई से 6 जुलाई तक चरणबद्ध तरीके से सभी सेक्टरों की सेविकाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सेविकाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रावधानों और लाभुकों को समय पर योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को निर्धारित शर्तों के अनुरूप आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं, दूसरी संतान के रूप में बेटी के जन्म पर भी सरकार की ओर से योजना के तहत लाभ दिया जाता है। इन सभी मामलों में लाभुकों का ऑनलाइन पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेजों का अपलोड तथा आवेदन को पोर्टल पर सही तरीके से सबमिट करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण सेविकाओं को दिया गया।

## फुटबॉल रेफरीशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल रेफरीशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी ओमप्रकाश ठाकुर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फुटबॉल को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। वहीं राकेश रंजन, वीरेंद्र डे एवं हरिदास कुमार ने रेफरी के नियमों, कौशल और मैच संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रैक्टिकल स्किल टेस्ट एवं अभ्यास मैच का उद्घाटन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अलका कुमारी एवं जुली कुमारी ने किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परियोजना कार्यक्रम पदाधिकारी, एडीपीओ, परियोजना के सभी पदाधिकारियों तथा खेल परियोजना प्रबंधक सहित सभी सहयोगियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## होमगार्ड जवानों को मिला फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



**देवघर।** श्रावणी मेला के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारी के तहत शनिवार को फायर स्टेशन देवघर में गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को दूसरे दिन भी फायर सेफ्टी का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को आगजनी की घटनाओं में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने जवानों को आग लगने के प्रमुख कारणों, आग के विभिन्न प्रकारों और शुरुआती स्तर पर उस पर काबू पाने के प्रभावी तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के संचालन की जानकारी देकर उनका व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। जवानों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से आग बुझाने के उपकरणों का इस्तेमाल सीखा और आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करने का अभ्यास किया। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा संबंधी जरूरी सावधानियों और आपदा की स्थिति में समन्वय बनाकर कार्य करने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी के जवान केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे प्रशिक्षण से जवानों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आगजनी जैसी घटनाओं में खुद को सुरक्षित रखते हुए आम लोगों की जान-माल की बेहतर सुरक्षा कर सकेंगे।

## नप अध्यक्षा से जुड़े मामलों में सुनवाई, शो-कॉज दाखिल करने के लिए 16 जुलाई तक का समय




**मधुपुर ।** व्यवहार न्यायालय में शनिवार को नगर परिषद अध्यक्षा दरक्शां परवीन से जुड़े वाद संख्या 03/2026 एवं 04/2026 की सुनवाई सिविल जज (जूनियर डिवीजन)-सह सब जज-1 पूजा कुमारी की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अध्यक्षा पक्ष की ओर से जवाब (शो-कॉज) दाखिल करने के लिए समय देने का अनुरोध किया गया। अदालत ने अनुरोध स्वीकार करते हुए 16 जुलाई 2026 तक शो-कॉज दाखिल करने का निर्देश दिया।अब निर्धारित तिथि पर जवाब दाखिल होने के बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने अपने-अपने पक्ष अदालत के समक्ष रखे। अध्यक्षा दरक्शां परवीन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार झा, अधिवक्ता गुलज़ादी तथा कनिष्ठ अधिवक्ता गोल्डी खान उपस्थित रहे। सुनवाई के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार झा ने बताया कि उन्होंने अदालत के समक्ष वाद की ग्राह्यता पर प्रारंभिक आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि न्यायालय शुल्क जमा किए बिना वाद का एडमिशन किस आधार पर किया गया, यह विचारणीय प्रश्न है।

## उत्तराधिकार दाखिल-खारिज को लेकर बैठक



**मधुपुर ।** प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रधानों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी यामुन रविदास ने की। बैठक में सभी पंचायतों के प्रधानों के साथ राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की गई तथा कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए यामुन रविदास ने बताया कि प्रत्येक माह की 4 तारीख को प्रधानों के साथ मासिक बैठक आयोजित की जाती है, ताकि राजस्व एवं जनहित से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा की जा सके। उन्होंने प्रधानों को निर्देश दिया कि उत्तराधिकार से संबंधित दाखिल-खारिज के मामलों में तेजी लाने के लिए सबसे पहले स्वयं पहल करें। उन्होंने कहा कि यदि प्रधान स्वयं अपने परिवार और पंचायत स्तर पर उत्तराधिकार दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू करेंगे, तो आम रैयत भी इसके प्रति जागरूक होंगे और अधिक से अधिक लोग समय पर अपना उत्तराधिकार दर्ज कराएंगे। बैठक में वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रधानों से अपील की कि वे बीएलओ को हर संभव सहयोग करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अभियान को सफलतापूर्वक पूरा कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में सभी प्रधानों ने दिए गए निर्देशों का पालन करने और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अंचल प्रधान अध्यक्ष विष्णु राय सचिव रजबुल अंसारी कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह समेत प्रधान और रययत मौजूद रहे।

## नमस्ते योजना से बदलेगी कचरा बीनने वालों की जिंदगी

**देवघर।** कचरा बीनने वाले लोगों की पहचान कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए नमस्ते योजना के तहत जिले में सर्वे अभियान शुरू किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा पंचायती राज एवं पेयजल-स्वच्छता विभाग के संयुक्त प्रयास से यह सर्वे ग्राम पंचायत स्तर पर कराया जाएगा। योजना के तहत ग्राम पंचायत सचिव मोबाइल ऐप के माध्यम से 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के कचरा बीनने वाले लोगों का विस्तृत सर्वे करेंगे। सर्वे को लेकर सभी पंचायत सचिवों और प्रखंड नोडल अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर पंकज भूषण पाठक ने प्रस्तुति के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सर्वे की प्रक्रिया समझाते हुए सभी अधिकारियों को यूजर आईडी और पासवर्ड बनाने की जानकारी भी दी, ताकि सर्वे कार्य समय पर और सही तरीके से पूरा किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सर्वे के बाद पात्र कचरा बीनने वालों को पीपीई किट, सुरक्षा जूते और दस्ताने उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उन्हें विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। इसके लिए लाभार्थी के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मास्टर ट्रेनर गोपाल साह ने नमस्ते योजना की जानकारी देकर की, जबकि अंत में प्रमोद कापड़ी ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस ने की एसआईआर कार्यों की समीक्षा



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला प्रभारी रवींद्र झा एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास के मार्गदर्शन तथा प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी की अध्यक्षता में विभिन्न बूथों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान नेताओं ने ग्रामीणों, बीएलओ एवं बीएलए-2 से मुलाकात कर मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति, आम लोगों को हो रही समस्याओं और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी ली। जिला प्रभारी रवींद्र झा ने कहा कि मतदाता सूची का कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से होना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। वहीं जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सतर्क रहकर एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी करने और आम जनता को हरसंभव सहयोग देने का आह्वान किया। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अवधेश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष दिनेशानंद झा, अशोक कुमार सिंह, प्रखंड पदाधिकारी, बूथ कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता उपस्थित थे।

## मुनीलाल श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के नाम पर डोम राजा पर अवैध वसूली का आरोप



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- साहिबगंज के मुनीलाल श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के दौरान निर्धारित शुल्क से अधिक राशि डोम राजा के द्वारा वसूले जाने का मामला सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को चौक बाजार निवासी दिनेश प्रसाद सिंह के शव को दाह संस्कार के लिए लोग मुनिलाल श्मशान घाट घाट पहुंचे थे. आरोप है कि वहां मौजूद डोम राजा ने मुंह अग्नि देने के नाम पर 4,000 रूपया की मांग की.परिजनों का कहना है कि नगर परिषद साहिबगंज के नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया था कि श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिवारों से डोम राजा के द्वारा केवल 501 रूपया ही लिया जाएंगा .इसके बावजूद नगर परिषद के इस निर्णय की अनदेखी करते हुए डोम राजा ने मनमाने तरीके से लोगों से अधिक पैसे वसूल रहे हैं.लोगों ने आरोप लगाया कि श्मशान घाट में लंबे समय से अंतिम संस्कार के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग की जाती है. जिससे शोकाकुल परिवारों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है. लोगों ने नगर परिषद एवं जिला प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा निर्धारित शुल्क का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है.वही नगर परिषद के प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि शव का दाह संस्कार के नाम पर 501 रुपया राशि शुल्क निर्धारित की गई है.उन्होंने कहा कि नगर परिषद की ओर से मुनीलाल शमशान घाट में निर्धारित शुल्क संबंधी एक 501 रुपया का रशीद दिया जाएंगा एवं एक बोर्ड लगाया जाएंगा .साथ ही शिकायत के लिए उसमें एक मोबाइल नंबर भी नगर पार्षद के कर्मचारियों का अंकित किया जाएंगा.

## साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिन राष्ट्र निर्माता का माल्यार्पण




संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -43वां साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिन शनिवार को राष्ट्र निर्माता का माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ .माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर डॉ रामजन्म मिश्र, कुलाधिपति,विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ ने प्रथम माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.अपने संक्षिप्त अध्यक्ष संबोधन भाषण में डॉ रामजन्म मिश्र ने कहा कि साहिबगंज जिले के 43 वां स्थापना दिवस के अवसर पर इसकी समृद्ध ऐतिहासिक ,साहित्यिक, धार्मिक एवं राजमहल की पहाड़ियों में पाए जाने वाला जड़ी -बूटी ,फॉसिल्स के संरक्षण एवं संवर्धन एवं भविष्य के लिए नई योजना बनाने का अह्वान किया ह सभी साहिबगंज वासियों को मिलकर साहिबगंज के विकास के लिए निरंतर सामूहिक प्रयास करना चाहिए.इस वर्ष के स्थापना दिवस का थीम है.साहिबगंज के लिए चलना है, चलिए कदम से कदम मिलाकर चलिए.गांधी प्रतिमा स्थल पर झरखंड चैंबर एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सचिव, राष्ट्र निर्माता के माल्यार्पण कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षाविद कालिदास पाठक, जिला भूतपूर्व सैनिक संघ के संरक्षक सूबेदार मेजर नागेंद्र नाथ साह,चिन्हित झारखंड वनांचल आंदोलनकारी अरविंद कुमार आनंद, स्काउट गाइड के जिला आयुक्त उमाशंकर सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अनवर अली, सामाजिक सरोकार की धनी रिमझिम सिंह ,मनोरंजन हंस जगत के सचिव बच्चू लाल, कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार झा, नगर पालिका कर्मी शिवहरि एवं स्काउट गाइड के सदस्य पदयात्रा करते हुए नगरपालिका पहुंची. जहां बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष अनवर अली एवं शिव हरी ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया. पटेल की प्रतिमा पर भूत भूतपूर्व सैनिक संघ के संरक्षक सूबेदार मेजर नागेंद्र नाथ साह, कार्यक्रम प्रभारी कालिदास पाठक ने माल्यार्पण किया. पदयात्रा करते हुए टाउन हॉल स्थित वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल पर पहुंचा.

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की बैठक में सदस्यता अभियान और संगठन विस्तार पर चर्चा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - साहिबगंज जिला केमिस्ट एंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन की कार्यकारिणी बैठक शनिवार को जिला परिषद परिसर स्थित संगठन के जिला कार्यालय में संगठन के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में कई बिंदु पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई. बैठक में मुख्य रूप से संगठन का वार्षिक सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाएं जाने का निर्णय लिया गया. इसके अलावा संगठन को पूरे जिले में विस्तार करने का निर्णय लिया गया.इस संबंध में जिला अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि जिले में 10 जुलाई से सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी. जिसे लेकर दो टोली बनाई गई है. जिसमें एक टोली बरहरवा, कोटालपोखर, उधवा, राजमहल के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगी .वहीं दुसरी टोली साहिबगंज, मिर्जाचौकी, मंडरो, तालझारी, महाराजपुर, सकरीगली, तीनपहाड़ सहित अन्य स्थानों में सदस्यता अभियान चलाएंगी.जिला सचिव कृष्ण प्रसाद भगत ने बताया कि जिले के सभी दवा व्यवसाय संगठन के सदस्यता अभियान में जोड़ शोर के साथ जुड़े. जिले के सभी दवा व्यापारी संगठन के दिशा निर्देश पर अपने प्रतिष्ठान पर कार्य करें. साथ ही सरकार की हर दिशा निर्देश का पालन करते हुए निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें. मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, जिला सचिव कृष्ण प्रसाद भगत, उपाध्यक्ष नवल किशोर मंडल, सहसचिव महेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, कार्यकारिणी सदस्य चंदन योगी, दीप नारायण कुशवाहा, सुनील महतो, गौरव रामेश्वरम, वसीम अंसारी के अलावे अन्य सदस्य मौजूद थे.

## साइबर अपराध से बचाव को लेकर बरहेट में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

बरहेट- प्लस-टू एसएसडी हाई स्कूल बरहेट के नवनिर्मित ऑडिटोरियम भवन में शनिवार को इंडियन क्लब एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर साइबर अपराध से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोरियो प्रभाग के पुलिस निरीक्षक नूनू देव राय एवं बरहेट थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं. अपराधी लोगों को फोन कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बनकर झांसे में लेते हैं और उनकी मेहनत की कमाई ठग लेते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की अपील की.उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा सोशल मीडिया का उपयोग भी सावधानीपूर्वक करें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या निकटतम थाना में सूचना दें. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान करने तथा साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई. उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी साइबर सुरक्षा से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सतर्क और जागरूक बनाना था.

## बी.ए./बी.कॉम. नामांकन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं के लिए जारी की सूचना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज -महिला महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य डॉ. ध्रुव ज्योति कुमार सिंह ने बी.ए./बी.कॉम. में नामांकन की इच्छुक छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-30 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु ऑनलाइन पोर्टल केवल एक बार ही खोला जाएगा तथा सभी विषयों में सीटों की संख्या सीमित है.उन्होंने बताया कि साहिबगंज शहर में बी.ए./बी.कॉम. में नामांकन के लिए केवल दो महाविद्यालय साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज एवं महिला महाविद्यालय साहिबगंज उपलब्ध हैं. इसलिए छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे दोनों महाविद्यालयों में अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें.डॉ. सिंह ने कहा कि यदि किसी कारणवश या सीटों की सीमित उपलब्धता के कारण किसी छात्रा का नामांकन एक महाविद्यालय में नहीं हो पाता है. तो दूसरे महाविद्यालय में आवेदन किया होना उसके नामांकन की संभावना बनाएं रखेगा. केवल एक महाविद्यालय में आवेदन करने की स्थिति में सीटें भर जाने पर नामांकन से वंचित होना पड़ सकता है.

उन्होंने सभी छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें तथा समय रहते साहिबगंज महाविद्यालय एवं महिला महाविद्यालय दोनों में अलग-अलग आवेदन कर दें. ताकि सीमित सीटों के कारण नामांकन से वंचित होने की स्थिति उत्पन्न न हो.

## जिला क्रिकेट संघ का समर कैंप 5 जुलाई से

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- जिला क्रिकेट संघ साहिबगंज का समर कैंप का आयोजन 5 जुलाई से शुरू होगा. इसमें अंडर-14, 16 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को सिदो-कान्हू स्टेडियम में 5 से 11 जुलाई तक सुबह 7 बजे से 10 बजे तक निशुल्क कोचिंग दी जाएगी. जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा ने बताया कि कोच सुष्मित रंजन खिलाड़ी को कोचिंग देंगे. इच्छुक खिलाड़ी 7488615795 या सीधे सिदो कान्हू स्टेडियम में संपर्क कर सकते हैं.

## 7वें वार्षिक सम्मेलन में यूरोलॉजी चिकित्सक ने अपना न्यू पद्धति शिक्षा का किया आदान प्रदान



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- झारखंड यूरोलॉजी सोसायटी के तत्वावधान में साहिबगंज में आयोजित जेयूएससीओएन का 7 वें वार्षिक सम्मेलन दूसरे दिन शनिवार को संपन्न हुआ.सम्मेलन के दूसरे दिन एंडोयूरोलॉजी, यूरेथ्रोप्लास्टी, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक यूरोलॉजी, किडनी स्टोन प्रबंधन तथा मूत्राशय संबंधी जटिल रोगों के उपचार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों का व्याख्यान हुआ. सम्मेलन में नई कमिटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष रांची के डॉ प्रेम कुमार, सचिव रिम्स रांची के डॉक्टर डॉ अरशद जमाल, कोषाध्यक्ष धनबाद के डॉ प्रदीप सिन्हा ओर कार्यकारिणी सदस्य में साहिबगंज के चिकित्सक डॉ सुमित, जमशेदपुर से डॉ चंपई सोरेन, धनबाद से डॉ श्रवण, डॉ जय कुमार व डॉ पंकज कुमार बनाए गए. वही डॉ हरप्रीत ने कहा कि झारखंड में हरियाणा पंजाब के मुकाबले किडनी स्टोन के मरीज अधिक है. स्टोन और किडनी स्टोन के मरीज ज्यादातर खनन क्षेत्रों में ज्यादा होता है. खान पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. डॉ विजय ने कहा कि जसकॉन का समापन हुआ. झारखंड सहित हिंदुस्तान के कोने कोने से यूरोलॉजिस्ट आए. हमने ज्ञान का आदान प्रदान किया. सभी का ज्ञान वर्धन हुआ. साहिबगंज के एक मात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ सुमित कुमार ओर डॉ विजय कुमार ओर सूर्या नर्सिंग एजुकेशनल कॉलेज, सूर्य नर्सिंग इंस्टीट्यूट, हॉस्पिटल सभी फार्मा कंपनी के सहयोग से बेहतर हुआ. झारखंड यूरोलॉजिकल सोसाइटी के नए टीम का घोषणा हुआ. जिला के लिए गवर्निंग काउंसिल मेंबर का सदस्य डॉ सुमित को चुना गया. वही नई कमिटी को जिम्मेदारी सौंपी गई. मौके पर कोलकाता के प्रसिद्ध सीनियर यूरोलॉजिस्ट और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ पीके मिश्रा, अध्यक्ष डॉ अनूप साहू, डॉ हरप्रीत सिंह, अध्यक्ष ईस्ट जॉन डॉ रंजन डे, ऑर्गनाइज अध्यक्ष डॉ विजय कुमार, सचिव डॉ सुमित कुमार, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अरविंद अग्रवाल, डॉ अरशद जमाल, डॉ अमिताभ सिंहा,डॉ अरविंद कुमार प्रभात शाहिद सहित दर्जनों चिकित्सक उपस्थित थे.

## सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 15 बालक वर्ग में राजमहल विजेता बोरियो बना उपविजेता



साहिबगंज - जिला शिक्षा परियोजना साहिबगंज द्वारा तीसरे दिन शनिवार को जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 15 बालक वर्ग का आयोजन सिदो कान्हु स्टेडियम में किया गया.जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने भाग लिया एवं शानदार खेल भावना का परिचय दिया. जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल किक कर मैच प्रारंभ कराया.नाक आउट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में राजमहल की टीम ने पतना एवं दूसरे सेमीफाइनल में बोरियो ने उधवा को पराजित किया.वहीं फाइनल में संत जान मुंडली उच्च विद्यालय राजमहल ने पुलिस लाइन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोरियो की टीम के बीच रोमांचक मैच हुआ. समय अवधि तक दोनों टीम 0- 0 बराबरी पर रही. पेनल्टी में 4- 3 से संत जान मुंडली उच्च विद्यालय राजमहल विजेता बना.समापन समारोह के अवसर पर जिले की नवपदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा का जिले के सभी शारीरिक शिक्षकों की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया. इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया.कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने जिले के सभी शारीरिक शिक्षकों से जिले में खेल गतिविधियों के विकास एवं सुधार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए. उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी. ताकि आने वाले समय में जिले और प्रमंडल स्तर पर खेल का माहौल और सशक्त हो सके.

अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का सबसे बड़ा माध्यम है. उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए आगे प्रमंडल स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी. मौके पर जिला खेल प्रभारी सबनम तबस्सुम , खेल मुख्य रेफरी अनिल टुडू, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव समेत अन्य आदि मौजूद थे.

## पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव पद पर मोनिता कुमारी पुनः मनोनीत



**पाकुड़।** पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव मोनिता कुमारी ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी की सचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी डॉ. श्री बेला प्रसाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह पाकुड़ जिला प्रभारी जमील अख्तर तथा प्रदेश सचिव सह पाकुड़ विधानसभा प्रभारी ऐनुल हक अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। मौके पर डॉ. श्री बेला प्रसाद ने मोनिता कुमारी को पुनः पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव पद पर मनोनीत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि मोनिता कुमारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।वहीं, मोनिता कुमारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।

## कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर

–: सैरात बन्दोवस्ती सूचना :–

पत्रांक 1226 /दिनांक. 03.07.2026

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शिवगंगा के पूर्वी क्षेत्र में आयुश्मान आरोग्य भवन के बगल एवं नेहरू पार्क में निगम कार्यालय के बगल में शौचालय बन्दोवस्ती हेतु नीचे दिये सम्मुख स्तंभ में अंकित अवधि के लिए नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के कार्यालय प्रकोष्ट में निम्नानुसार की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित शर्त्तों को पूरा करते हुए खुली डाक में भाग लेने हेतु आवेदन दिनांक 15.07.2026 को 02:00 अप0 बजे तक नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

सैरात की विवरणी :–

| क्र0 | सैरात का नाम | डाक की न्यूनतम राशि | बन्दोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (बैंक ड्राफ्ट) | डाक की तिथि | बन्दोवस्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शिवगंगा के पूर्वी क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य भवन के बगल शौचालय बन्दोबस्ती | Rs. 50000.00 | Rs. 12,500.00 | दिनांक15.07.2026 समय 03:00 PM | 11 माह (दिनांक 25.07.2026 से 24.06.2027 तक) |
| 2 | देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शिवगंगा स्थित नेहरू पार्क में निगम कार्यालय के बगल में शौचालय बन्दोवस्ती | Rs. 50000.00 | Rs. 12,500.00 | दिनांक15.07.2026 समय 03:30 PM | 11 माह (दिनांक 25.07.2026 से 24.06.2027 तक) |

नोट :– आवेदनकर्ता को आवेदन शुल्क के रूप में Rs.5000.00 पाँच हजार रू0 का डी0डी0 **Municipal Commissioner, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar** के नाम से (जो कि वापस नहीं होगा) आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

बन्दोबस्ती के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त

देवघर नगर निगम, देवघर।

PR 384021 Deoghar(26-27)D

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, दुमका।

(अति अल्पकालीन ''इच्छा की अभिव्यक्ति'' आमंत्रण सूचना)

एतद् द्वारा विभागीय राज्यादेश सं0 15/रा0 (वि0), दिनांक 23.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत दुमका जिला में पूर्व से अधिष्ठापित केजो तथा विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित आर0ए0एस0/बायोफ्लॉक तालाब/टैंक में पंगेशियस/GIFT/तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीजो का संचयन किया जाना है। उक्त के आलोक में निबंधित एवं प्रमाणित फार्मो के इच्छुक आपूर्तिकार्त्ताओ से उक्त बीजों की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

विदित हो कि पंगेशियस /MST/GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीजों के क्रय का सरकारी दर मो0 3000/–रू0 मात्र प्रति हजार परिवहन व्यय सहित निर्धारित है।

इच्छुक आपूर्तिकार्त्ताओं से मत्स्य बीजों की आपूर्ति हेतु ''इच्छा की अभिव्यक्ति'' का आमंत्रण दिनांक 13.07.2026 तक कार्यालय कार्य अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किया जाता है।

आवश्यक शर्ते:–

1.MST/GIFT तिलापिया मत्स्य बीज हेतु Certified मत्स्य बीज आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी एवं कम से कम 15 दिनों की उत्तरजीविता जाँच कर संतुष्ट होने के उपरांत ही भुगतान की जाएगी।

2. आपूर्तिकार्त्ता को जलाशयों/परित्यक्त पत्थर खदानों में अधिश्ठापित केजों तक मत्स्य बीज को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा।

3.आपूर्ति की जाने वाले पंगेशियस /GIFT तिलापिया तथा अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज प्रति किलोग्राम 500–700 पीस से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा तिलापिया के बीज प्रति कि0ग्रा0– 2000 पीस से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. संबंधित बीजों के आपूर्ति में भारत सरकार द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका का अनुपालन मान्य होगा एवं आपूर्ति किए गए पंगेशियस/ GIFT तिलेपिया/ अमृत कतला/ अन्य उपयुक्त मत्स्य बीजों की गुणवत्ता सही नहीं होने पर आपूर्ति स्थल से बिना कारण बताये वापस कर दिया जायेगा, इसके लिए किसी प्रकार के परिवहन व्यय भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा और न ही भुगतान संबंधी कोई दावा मान्य होगी।

5.आपूर्तिकर्त्ता के प्रस्ताव/प्रारूप अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य बीजों को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दुमका।

PR 384064 Fish(26-27)D

## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) दुमका, झारखंड।

E-Mail:- atma_dumka@rediffmail.comwww.atmadumka.co.in

### विज्ञापन संख्या –3/2026–27

### डिजिटल कृषिरथ के परिचालन हेतु प्रखण्डवार Route Chart

किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार हेतु डिजिटल कृषिरथ का परिचालन दिनांक 06.07.2026 से दिनांक 20.07.2026 तकजिला के सभी प्रखंडों के विभिन्नपंचायतोंमें रूट चार्ट के अनुसार भ्रमण कराते हुए **विभिन्न विषयों यथा मिलेट की उन्नत खेती, दलहन की उन्नत खेती, प्राकृतिक/जैविक खेती को प्रोत्साहन, मिट्टी जॉच की आवश्यकता, बीजोपचार, सुखाड़ की स्थिति में वैकल्पिक खेती, के0सी0सी0 हेतु जागरूकता आदि** की विशेष रूप से जानकारी पहूँचाने हेतू भ्रमण करेगा। उक्त डिजिटल कृषिरथ के सुचारू रूप से परिचालन हेतु निम्नलिखित प्रसार कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है–

| क्र0 सं0 | प्रखंड | स्थलकानाम | रथ संख्या | दिनांक | डिजिटल कृशि रथप्रभारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | दुमका | बंदरजोरी, लखीकुण्डी, आसनसोल, केशियाबहा | रथ 1 | 06.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | बेहराबाँक, रामपुर, घासीपुर, मोड़भंगा | | 07.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | गादीकोरैया,भुरकुण्डा, मालभंडारो, राबॉध | | 08.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 2 | मसलिया | रांगा, दलाही, सापचला, बेलियाजोर, | रथ 2 | 06.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | मसानजोर, खटोजोरी, गुमरो, बास्कीडीह | | 07.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | रानीघाघर,नयाडीह, गोलबंध, कुंजबोना | | 08.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 3 | काठीकुण्ड | आस्ताजोड़ा,कदमा, पंदनपहाडी, कालाझर, | रथ 1 | 09.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | आसनपहाड़ी, पिपरा, तेलियाचकबाजार, बड़ाचापुडीया | | 10.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | घोवाडंगाल, झिकरा, बडतल्ला, बिछयापहाडी | | 11.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 4 | रानेश्वर | बिलकांदी, गोविंदपुर, सुखजोरा, हरिपुर | रथ 2 | 09.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | कुमिरदाहा, पथरा, रंगलिया, दक्षिणजोर | | 10.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer-Friend |
| | | महुलबना, धनभाषा, आसनबनी, सालतोला | | 11.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 5 | गोपीकान्दर | गोपीकान्दर, टॉयजोर, सुरजूडीह | रथ 1 | 12.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | खरौनीबजार, मुसना, कुश्चिरा | | 13.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer-Friend |
| | | मुसना, कुश्चिरा, ओडमो | | 14.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 6 | शिकारीपाड़ा | पलासी, सोनाढाब, शिकारीपाड़ा, सिमानीजोर | रथ 2 | 12.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | जमुगड़िया, मोलपहाड़ी, ढाका, बरमसिया | | 13.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | शिवतल्ला, कुशपहाड़ी, मुरायम, गन्द्रकपुर | | 14.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 7 | रामगढ़ | कडबिंधा, पथरिया, रामगढ़, सुसनिया | रथ 1 | 15.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | भातुड़िया, गमहरिया, सिलठा, भालसुमर | | 16.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | ठाडीहाट, सिंदुरिया, मंडलचक, मोहुबना | | 17.06.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 8 | सरैयाहाट | कुशियारी, लकडबॉक, बढएट, केंदुआ | रथ 2 | 15.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | हॅसडीहा, बमनखेता, बनियारा, सरैया | | 16.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | घनवै, मंडलडीह, चरखापाथर, धोनी | | 17.06.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 9 | जामा | चिगलपहाड़ी, बेदिया, छेलापाथर, टेंगघोवा | रथ 1 | 18.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | सरसाबाद, बारा, लगला, थानपुर | | 19.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | तपसी, ढोढली, सीमरा, सिकटिया | | 20.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| 10 | जरमुण्डी | नोनीहाट, पेटसार, भालकी, बनवारा | रथ 2 | 18.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | चमराबैहयार, राजासिमरिया, खरबिल्ला, गरडाअमरकुमंडा | | 19.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |
| | | चोरखेदा, पुतलीडाबर, सिंहनी, कुशमाहा | | 20.07.2026 | BAO/BTM/ATM/VLW/ Farmer -Friend |

परियोजना निदेशक,
आत्मा
सह–जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका।

PR 384061 (Agriculture) 26-27 (D)

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका संयुक्त कृषि भवन खूँटाबाँध, दुमका–814101 (Email ID- daodumka69@gmail.com)

### किसान भाईयों के लिए आम सूचना

दुमका जिला के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि खरीफ मौसम में धान बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर आपके लिए उपलब्ध है। विभागीय बीज की गुणवत्ता अच्छी होने के साथ–साथ उपज दर भी अच्छी होती है जिससे आप अपनी उपज दर एवं आय बढ़ा सकते हैं। जिले में यह बीज विभिन्न लैम्पसों के पास उपलब्ध है, जहाँ से आप इसे प्राप्त कर सकते हैं। बीज का नाम, दर, प्रभेद एवं प्राप्ति स्थान इस प्रकार हैः–

| क्र0सं0 | बिक्रेता का नाम/दुकान का नाम | फसल | प्रभेद | 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रति कि0ग्रा0 मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवतल्ला लैम्पस, प्रखण्ड– शिकारीपाड़ा। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 2 | शिकारीपाड़ा लैम्पस, प्रखण्ड– शिकारीपाड़ा। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 3 | सहारा लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 4 | सहारा लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | Sava- 7301 | 221.5 |
| 5 | जरमुण्डी लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | Sava- 7301 | 221.5 |
| 6 | पेटसार लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | Sava- 7301 | 221.5 |
| 7 | नोनीहाट लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 8 | ठेकचाघोंघा लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 9 | गोलबन्धा लैम्पस, प्रखण्ड– मसलिया। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 10 | शंकरपुर लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 11 | बरमासा लैम्पस, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 12 | चन्दुबथान लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 13 | मंडलडीह लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 14 | मोहरा लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 15 | गोपीकान्दर लैम्पस, प्रखण्ड– गोपीकान्दर। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 16 | नारगन्ज लैम्पस, प्रखण्ड– काठीकुण्ड। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 17 | रक्सा लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 18 | बोड़िया लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7030 | 20.45 |
| 19 | हंसडीहा लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7030 | 20.45 |
| 20 | नौखेता लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 21 | शालदाहा लैम्पस, प्रखण्ड– काठीकुण्ड। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 22 | कारूडीह लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 23 | डॉंड़ो लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 24 | महुबन्ना लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 25 | नवाडीह लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 26 | सरैयाहाट लैम्पस, प्रखण्ड– सरैयाहाट। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 27 | लकड़ापहाड़ी लैम्पस, प्रखण्ड– जामा। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 28 | रामगढ़ लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 29 | चिकनियाँ लैम्पस, प्रखण्ड– जामा। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 30 | दलाही लैम्पस, प्रखण्ड– मसलिया। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 31 | भतुड़िया लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 32 | गम्हरियाहाट लैम्पस, प्रखण्ड– रामगढ़। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 33 | मे0 पिताम्बर मामरिक, सहारा, प्रखण्ड– जरमुण्डी। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 34 | प्रोग्रेसिव विजन, बायपास रोड, बलियाडंगाल, दुमका, प्रखण्ड– दुमका। | धान | MTU-7029 | 20.45 |
| 35 | प्रोग्रेसिव विजन, बायपास रोड, बलियाडंगाल, दुमका, प्रखण्ड– दुमका। | धान | Arize-6444 Gold | 225 |
| 36 | बिकास इन्टरप्राईजेज, दुमका, प्रखण्ड– दुमका। | मूंगफली | Girinar-4 | 57 |
| 37 | बिकास इन्टरप्राईजेज, दुमका, प्रखण्ड– दुमका। | अरहर | IPA-15-2 | 65 |

सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि आप सभी उक्त लैम्पसों से विभागीय बीज अनुदानित दर पर शीघ्र प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो जिला कृशि कार्यालय, दुमका को सूचित कर सकते है।

''गुणवत्ता युक्त बीज लगाएं, फसल उत्पादन बढ़ाएं''

ह0/–
जिला कृषि पदाधिकारी,दुमका

PR 384039 (Agriculture)26-27*D

## बाबूलाल मरांडी आज से दो दिवसीय संताल परगना के दौरे पर



**दुमका।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी आज से दो दिवसीय संताल परगना के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि बाबूलाल मरांडी 5 जुलाई को सुबह रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से सीधे जामताड़ा पहुंचेंगे। जामताड़ा आगमन के बाद वे कुंडहित प्रखंड के लिए रवाना होंगे, जहां वे भाजपा जिला इकाई द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के जरिए वे स्थानीय कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेंगे। जामताड़ा के कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद बाबूलाल मरांडी शाम करीब 4 बजे दुमका परिसदन पहुंचेंगे। दुमका आगमन पर स्थानीय पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे परिसदन में ही भाजपा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीतियों और जमीनी स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर गंभीर चर्चा की जाएगी। अगले दिन, यानी 6 जुलाई को सुबह 9.30 बजे बाबूलाल मरांडी दुमका से देवघर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। देवघर पहुंचकर वे वहां भाजपा जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। दिनभर देवघर में संगठनात्मक कार्यों और कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद, वे उसी रात वापस रांची के लिए रवाना हो जाएंगे। उनके इस दौरे को संताल परगना में संगठन को मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सिदो कान्हू स्कूल में फ्रेशर्स पार्टी का शानदार आयोजन, नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत



**दुमका ।** आसनसोल हवाई अड्डा स्थित सिदो कान्हू उच्च विद्यालय के भव्य सभागार में एक शानदार फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 11वीं के तीनों संकायों कला, वाणिज्य और विज्ञान के नए विद्यार्थियों के स्वागत में आयोजित किया गया था। इस उत्सव के दौरान पूरा सभागार उत्साह और ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी, सिदो कान्हू सीनियर सेकेंडरी के प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी, उप प्राचार्य राजेश झा, परीक्षा नियंत्रक अभय आनंद और शिक्षक बृजेश कुमार शुक्ला सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। यह संपूर्ण आयोजन प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी के कुशल दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। नए छात्रों के मनोरंजन के लिए सीनियर्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी लगा दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक नृत्य और मधुर संगीत की प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही माहौल को और मजेदार बनाने के लिए डेयर गेम्स भी खिलाए गए। सीनियर छात्र-छात्राओं ने नए विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियों को साझा किया और परिसर में बिताए अपने बेहतरीन अनुभवों को बांटकर उनका हौसला बढ़ाया। इस आत्मीय स्वागत से 11वीं के नवागंतुक छात्र-छात्राएं बेहद खुश और उत्साहित दिखाई दिए। मंच का सफल संचालन विद्यालय की होनहार छात्रा समृद्धि सिन्हा, समृद्धि दे, पलक और तेजस ने मिलकर किया। कार्यक्रम को यादगार और सफल बनाने में शिक्षक बृजेश कुमार शुक्ला, राजेश कुमार, अमित झा के साथ-साथ छात्र आयोजन कमेटी के सदस्य नैतिक, सौम्यदीप, रिसिता, प्राची और रोमा ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस खास मौके पर नए और पुराने छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार गोन, अमित झा, गौतम कुमार, अरिंदम मंडल, मिथिलेश कुमार, अयान बोस, श्रीमंत बावरी, अनीश कुमार, चंद्रकांत पंडित, अमित कुमार झा, राफत शाहीन, सुनील कुमार और कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## मोहलीडीह में किसान संगोष्ठीः जलवायु बचाव और सीधी बुवाई की दी गई जानकारी




**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के बास्कीडीह पंचायत अंतर्गत मोहलीडीह गांव के लोहिया भवन में शनिवार को आत्मा सहाय अनुदान योजना के तहत किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार मंडल उपस्थित रहे। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बीटीएम श्यामसुंदर सिंह एवं एटीएम मिथलेश कुसुम ने किसानों को जलवायु परिवर्तन के कारण खेती पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी तथा फसलों को सुरक्षित रखने के वैज्ञानिक उपाय बताए। केरोला उपायक किसानों की समस्याओं पर विशेष चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। साथ ही कम पानी में धान की सीधी बुवाई, उन्नत बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों से नई तकनीकों को अपनाकर लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। किसानों ने संगोष्ठी को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की नई जानकारी मिली, जो उनकी खेती के लिए लाभदायक साबित होगी।

## +2 हाई स्कूल ठाढ़ीहाट में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**रामगढ़:** प्रखंड अंतर्गत +2 उच्च विद्यालय ठाढ़ीहाट कुसियाम में शनिवार को प्रधानाध्यापक संतोष सोरेन की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति तथा सर्वांगीण विकास को और अधिक सुदृढ़ बनाना था।बैठक की शुरुआत विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षा परिणाम, अनुशासन, समयपालन तथा विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की गई। प्रधानाध्यापक संतोष सोरेन ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता में विद्यालय और अभिभावकों की समान भागीदारी होती है।

## विद्यालयों में 60 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बांक एवं प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार पाल ने दोनों विद्यालयों के कुल 60 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति, वजन, ऊंचाई, आंख, कान, दांत, त्वचा तथा अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी सामान्य समस्याएं पाई गईं, उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार लेने, स्वच्छता बनाए रखने, समय पर सोने तथा साफ पानी पीने की सलाह दी गई। डॉ. पाल ने कहा कि बच्चों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होने से बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाती है, जिससे उनका समय पर उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने और नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील भी की। इस अवसर पर एएनएम निशा कुमारी, एएनएम कल्याणी कुमारी, विद्यालय के सचिव प्रभाकर झा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती वर्ष पर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रखर प्रहरी, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 125वें जयंती वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, दुमका द्वारा शनिवार को एक भव्य जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। धधकिया स्थित सतन आश्रम में आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल ने की। कार्यक्रम का गरिमामयी शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित करने एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन एवं प्रदेश परिषद् सदस्य परितोष सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, और उनके यही राष्ट्रवादी विचार आज भी प्रत्येक देशभक्त के लिए सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के उच्च आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का पुरजोर आह्वान किया। वहीं, प्रदेश परिषद् सदस्य परितोष सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' की मूल भावना के साथ कार्य करता है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रेरक जीवन, कड़े संघर्ष, दूरदर्शी राष्ट्रवादी चिंतन तथा संगठन निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही कार्यकर्ताओं से उनके सिद्धांतों को अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन में पूरी तरह आत्मसात करने का आग्रह किया। इस वैचारिक सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलने तथा देश की एकता, अखंडता एवं चहुंमुखी विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर मंच और दीर्घा में प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन, जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल, परितोष सोरेन, सुरेश मुर्मू, अंजुला मुर्मू, अमिता रक्षित, शर्मिला सोरेन, धर्मेंद्र सिंह, विमल मरांडी, मृणाल मिश्रा, गुंजन मरांडी, मार्शल ऋषिराज टुडू, गणपति पाल, रामकृष्ण हेंब्रम, दीप्तांशु कोचगवे, अरविंद दुबे, अजय सिंह, सुभाष यादव, कुंदन पाठक, रूपलाल राय सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसकेएमयू में एडमिशन के लिए अपार प्रोफाइल अपडेट करना जरुरी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2026-30 में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई 2026 तय की गई है। लेकिन इस बार छात्रों को फॉर्म भरते समय विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि एक छोटी सी चूक से आपका नामांकन अटक सकता है। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष नामांकन प्रक्रिया में 'अपार आईडी' की भूमिका सबसे अहम है। जब भी कोई अभ्यर्थी चांसलर पोर्टल पर आवेदन करता है, तो उसका पूरा विवरण अपार प्रणाली से स्वतः ही प्राप्त कर लिया जाता है। ऐसे में यदि किसी छात्र की अपार प्रोफाइल में कोई जानकारी गलत, अधूरी या पुरानी है, तो हुबहू वही गलती आवेदन पत्र में भी दर्ज हो जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को सलाह दी है कि वे ऑनलाइन फॉर्म भरने से पहले अपनी अपार प्रोफाइल को अनिवार्य रूप से अपडेट कर लें। पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, आधार संख्या, अपार आईडी, श्रेणी और प्राप्तांक जैसी सभी जानकारियों का बारीकी से मिलान करने और पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही आवेदन शुल्क का भुगतान करें। एक बार फीस जमा हो जाने के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि में सुधार करना बेहद मुश्किल होगा।

छात्रों को यह भी ध्यान रखना होगा कि आवेदन जमा करने के बाद यदि वे अपनी अपार प्रोफाइल में कोई बदलाव करते हैं, तो वह आवेदन पत्र में स्वतः अपडेट नहीं होगा। इससे भविष्य में दस्तावेज सत्यापन के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विश्वविद्यालय ने सख्त हिदायत दी है कि बिना जानकारी जांचे फीस भरने या गलत विवरण देने पर होने वाली किसी भी समस्या, जैसे फॉर्म रद्द होना या नामांकन में रुकावट, के लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## जहरीला फल खाने से दर्जनभर बच्चे बीमार

**दुमका ।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत खाड़ूकदमा गांव से एक बेहद चिंताजनक खबर सामने आई है, जहां अनजाने में एक जहरीला फल खाने से करीब 12 बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं। इस घटना के बाद से पूरे गांव और प्रभावित परिवारों में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सभी बच्चे स्कूल से पढ़ाई पूरी कर अपने घर लौटे थे। इसके बाद वे गांव में ही पास के एक मैदान में खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों की नजर एक जंगली फल पर पड़ी। बच्चों ने उसे खाने वाला बादाम समझा और आपस में बांटकर खा लिया। फल खाने के कुछ ही देर बाद एक-एक कर सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी, पेट दर्द और जी मिचलाने की शिकायत होने लगी।

## भाजपा सहारा मंडल की बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा



**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** भारतीय जनता पार्टी सहारा मंडल की एक बैठक सहारा स्थित भाजपा कार्यालय में सुबोध मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ स्तर पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस अभियान को गति देने के लिए सभी बीएलए को निर्देशित किया गया। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने की बात कही गई। पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव कांत ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती, जनसंपर्क को बढ़ाने और विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक में सांगठनिक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर मंडल प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गौरवकांत, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरलीधर मंडल, कदीर अंसारी,जर्मन सेन,राजेंद्र मंडल,शंकर मंडल,राजेंद्र कागजी, कुंवर संजय यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधानों ने का मानदेय 10 हजार करने और हाईवे पर कोयला ढुलाई रोकने की मांग



**संवाददाता**

**गोपीकांदर ।** प्रखंड सभागार में शनिवार को ग्राम प्रधान मांझी संगठन और लेखा होड़ की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक आयोजित की गई। इस विशेष बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ने की। बैठक में क्षेत्र के हालात, जनसमस्याओं और ग्राम प्रधानों के अधिकारों को लेकर कई अहम फैसले लिए गए और अपनी मांगों को लेकर आगे की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक के दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा मानदेय वृद्धि का रहा। संगठन के सदस्यों ने एक स्वर में सरकार से मांग की है कि ग्राम प्रधानों का मासिक मानदेय 4000 रुपये से बढ़ाकर सीधे 10 हजार रुपये किया जाए। इसके साथ ही, लेखा होड़ के मानदेय को भी 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये करने और लेखा होड़ की जल्द बहाली की पुरजोर मांग उठाई गई है।

इसके अलावा, गोविंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाईवे पर हो रही भारी कोयला ढुलाई का मुद्दा भी बैठक में गरमाया रहा। सड़क सुरक्षा और स्थानीय परेशानियों को देखते हुए संगठन ने इस मार्ग पर कोयला ढुलाई को पूरी तरह से बंद करने की मांग की है।

अपनी इन सभी अहम मांगों को मुकाम तक पहुंचाने के लिए संगठन ने झारखंड के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रमंडलीय आयुक्त और जिले के उपायुक्त के नाम एक विस्तृत ज्ञापन (मेमोरेंडम) सौंपने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। साथ ही, बैठक में पिछले महीने के कार्यों और संगठन के मासिक आय-व्यय के लेखा-जोखा पर भी विस्तार से चर्चा कर विचार-विमर्श किया गया। इस अहम बैठक में ग्राम प्रधान मांझी संगठन के प्रखंड कोषाध्यक्ष सृजन हांसदा, उपसचिव कुबराज मुर्मू, महावीर राय, मुनीलाल टुडू, जोसेफ मुर्मू, मिसिल टुडू, हेमंत हांसदा, सामुएल बेसरा, श्रीफूल हांसदा, राजेश राय, एमेली मरांडी, भीमली देवी और लाली देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधान और लेखा होड़ मौजूद रहे।

# सुब्रतो कप फुटबॉल का महामुकाबला : डुमरथर विद्यालय ने अंडर-15 में लहराया परचम



**संवाददाता**

**जरमुंडी (दुमका)।** खेल के मैदान में जब ग्रामीण प्रतिभाएं उतरती हैं, तो उनका जुनून देखते ही बनता है। कुछ ऐसा ही नजारा जरमुंडी प्रखंड में 3 और 4 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में देखने को मिला। उत्साह और रोमांच से भरे इस आयोजन में स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता का सबसे बहुप्रतीक्षित और रोमांचक मुकाबला अंडर-15 बालक वर्ग का फाइनल रहा। इस खिताबी भिड़ंत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरथर के युवा खिलाड़ियों ने अपने अनुशासित और आक्रामक खेल का शानदार मुजाहिरा किया। एक कड़े मुकाबले में डुमरथर की टीम ने मजबूत मानी जाने वाली प्लस टू उच्च विद्यालय, हरिपुर की टीम को 2-1 से धूल चटाकर प्रखंड चैंपियन का शानदार खिताब अपने नाम कर लिया। डुमरथर के बच्चों ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों की मिट्टी में भी राष्ट्रीय स्तर के चैंपियन तैयार हो रहे हैं। अन्य वर्गों में भी खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम। लिटिल चैंप्स वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय, हरिपुर की टीम ने बाजी मारी और विजेता का ताज पहना। वहीं, अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में भी प्लस टू उच्च विद्यालय, हरिपुर का दबदबा रहा। उन्होंने अपने शानदार खेल की बदौलत प्लस 2 उच्च विद्यालय सहारा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। लड़कियों ने भी इस टूर्नामेंट में अपनी ताकत का अहसास कराया। अंडर-17 बालिका वर्ग के खिताबी मुकाबले में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन तालमेल और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय नोनीहाट को शिकस्त दी और प्रखंड विजेता बनने का गौरव हासिल किया। कस्तूरबा की बेटियों के उत्कृष्ट खेल ने मैदान में मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा और खूब तालियां बटोरीं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण इलाकों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारना है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एस्थर मुर्मू, बीपीओ वकील यादव, बीआरपी आशुतोष मिश्रा, खेल नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार, लक्ष्मण राउत, सीआरपी लक्ष्मीकांत झा, संजय पंडित के साथ-साथ खेल शिक्षक हितेश कुमार साह, मोइन अंसारी, खेल शिक्षिका जुली किरण मुर्मू, ऋषु आनंद, गीता हांसदा, अनिल कुशवाहा, संतोष सिन्हा और भागवत पंडित सहित कई शिक्षकों और कर्मियों के सक्रिय सहयोग से यह प्रतियोगिता पूरी तरह सफल और सुव्यवस्थित रही।

## लहरजोरिया आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बनीं वीणा मुर्मू



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत स्थित लहरजोरिया आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को सेविका चयन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) सह अंचलाधिकारी रंजन कुमार यादव ने की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित चयन प्रक्रिया में पोषक क्षेत्र की कुल छह आवेदिकाओं ने भाग लिया। सभी आवेदिकाओं के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रंजीत हांसदा की पत्नी वीणा मुर्मू को सर्वाधिक योग्य पाया गया। इसके बाद उपस्थित ग्रामीणों की सर्वसम्मति से वीणा मुर्मू का आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए चयन कर लिया गया।चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर गोलबंधा पंचायत की मुखिया मीनू मरांडी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आश्रम मोड़ में जलजमाव से दुकानदार परेशान



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के मसानजोर पंचायत स्थित आश्रम मोड़ पर लगातार हो रही बारिश के कारण जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क पर पानी भर जाने से स्थानीय दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है, वहीं स्कूली बच्चों और राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि साहेबगंज-गोविंदपुर राज्यमार्ग की ऊंचाई अधिक होने के कारण बारिश का पानी सीधे दुकानों की ओर बहकर आ जाता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से दुकानों के सामने पानी जमा रहता है, जिससे ग्राहकों का आना-जाना कम हो गया है और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जलजमाव का सबसे अधिक असर आश्रम मोड़ स्थित लिटिल एंगल स्कूल के बच्चों पर पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चों को पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई बच्चे फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे चोट लगने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह समस्या हर वर्ष उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है। दुकानदारों और ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## खांटीसारे में युवक की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत

**जरमुंडी ।** तालझारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत झनकपुर पंचायत के खांटीसारे गांव में एक व्यक्ति की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक की पहचान जटल दास (63वर्ष), पिता छोटा झकसु दास के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से बाहर मैदान के समीप जटल दास की लाश पाई गई।सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इधर थाना प्रभारी संगम पाठक ने बताया कि मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि डॉक्टर के अनुसार उसकी मौत हृदयाघात से हुई है। हलांकि परिजनों ने अभी तक कुछ भी लिखकर थाना में नहीं दिया है।

## वृन्दावनी आंगनबाड़ी केंद्र को मिली नई सहायिका



**रानीश्वर (दुमका)।** शनिवार को वृन्दावनी पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र वृन्दावनी-2 में सहायिका पद पर चयन के लिए एक आम सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महिला पर्यवेक्षिका, मुखिया, एएनएम, शिक्षक और पोषक क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक की पूरी चयन प्रक्रिया और आम सभा की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। शुरुआत में बीडीओ ने ग्रामीणों को सहायिका चयन के विभागीय नियमों और पोषक क्षेत्र की सीमाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस पद के लिए कल्याणी मरांडी, नेपाली मुर्मू, सनी मरांडी, अंजुका सोरेन और लखमीमुनी बास्की सहित कुल पांच महिलाओं ने आवेदन किया था। जांच में सभी आवेदिकाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच और न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पाई गई। विभागीय अधिकारियों ने सभी के शैक्षणिक, जाति, निवास और जन्म प्रमाण पत्रों की बारीकी से संवीक्षा की। इस केंद्र पर पूर्व में कार्यरत सहायिका की असमय मृत्यु हो गई थी।

## कौड़ियां गांव में 15 दिनों बाद बदला गया ट्रांसफार्मर



**काठीकुंड।** प्रखंड अंतर्गत पांदन पहाड़ी पंचायत के कौड़ियां गांव के ग्रामीणों को पिछले 15 दिनों से जारी बिजली संकट से आखिरकार मुक्ति मिल गई है। गांव का बिजली ट्रांसफार्मर बीते दो सप्ताह से खराब पड़ा था। इसके कारण पूरा गांव पूरी तरह से अंधेरे में डूब गया था और लोग भीषण गर्मी में ढिबरी व मोमबत्ती के सहारे जीने को विवश थे। समस्या से परेशान गांव के भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नवयुवकों ने एकजुट होकर एक पहल की। सभी ने मिलकर भाजपा जिला अध्यक्ष रुपेश मंडल से मुलाकात की और उन्हें ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष के त्वरित हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग द्वारा गांव में नया 25 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। शनिवार को गांव में नया ट्रांसफार्मर लगते ही बिजली सेवा बहाल हो गई। घरों में रोशनी लौटते ही ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने राहत की सांस ली। इस ट्रांसफार्मर को लगवाने में मुख्य रूप से अटल बिहारी मंडल, संजय मंडल, गुजिया मंडल और नयन मंडल सहित दर्जनों स्थानीय युवकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सराहनीय व अथक प्रयास किए। ग्रामीणों ने इस त्वरित समाधान के लिए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अंधविश्वास और लापरवाही से मासूम की मौत

**मसलिया ।** प्रखंड के बड़ाडुमरिया पंचायत स्थित नौवजोड़ा गांव में महज 9 साल की मासूम अंशिका कुमारी की करैत सांप के काटने से मौत हो गई। अंशिका अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी, और उसकी मौत के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव के लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं और पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे का है। अंशिका हमेशा की तरह अपने पड़ोस के घर में बच्चों के साथ खेलने गई थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे जहरीले करैत सांप ने उसे डंस लिया। खेल की धुन में बच्ची को शुरुआत में इसका अहसास नहीं हुआ। लेकिन शाम के करीब साढ़े छह बजे जब जहर का असर बढ़ने लगा और अंशिका को तेज दर्द के साथ बेचैनी होने लगी, तब उसने रोते हुए अपने परिजनों को इस बात की जानकारी दी। बेटी की हालत बिगड़ती देख घबराए परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय पारंपरिक अंधविश्वास के चक्कर में पड़ गए। वे बच्ची को सबसे पहले पास के दुबे मंदिर लेकर गए, ताकि वहां झाड़-फूंक या पूजा-पाठ से जहर उतारा जा सके। मंदिर में काफी समय बीत जाने के बाद भी जब अंशिका की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, तो वहां के पंडित ने परिजनों को उसे किसी बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन उसे सरमुंडी स्थित एक निजी क्लीनिक लेकर भागे, लेकिन बदकिस्मती से वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। समय लगातार बीत रहा था और सांप का जहर बच्ची के शरीर में फैलता जा रहा था। वहां से परिजन उसे आनन-फानन में देवघर के पालोजोरी सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने अंशिका की गंभीर और नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत उसे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान ही मासूम अंशिका ने दम तोड़ दिया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686